SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL
SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)

की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
अधिक जानकारी के लिए कॉल करें..
Vivekanand Colony, Hadditoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
07182223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 23 जून 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 146 | मूल्य - 5 रुपये

7 Years OF HEALTH, HOPE & HEALING
SAHAYOG HOSPITAL

निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07



Scooter बोले तो
ACTIVA 110CC & 125CC

एक्स-शोरूम (मध्यप्रदेश) ₹76946*
₹74800/-
से शुरु

मेधावी छात्रों की पहली पसंद
इंडिया का नंबर 1 स्कूटर
मुख्यमंत्री स्कूटी प्रदाय योजना का लाभ ले.

सीधा ₹2100/-*
कैश डिस्काउंट



ऑफर मात्र 30 जून तक मान्य

| इंस्टेंट कैशबैक | न्यूनतम ब्याज दर | लोन | बिना | 3+7* |
|---|---|---|---|---|
| ₹10000/-* | @6.99%* | 100%* तक | हाइपोथिकेशन* | 10 साल की वारंटी उपलब्ध |

सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट
पर अपना पसंदीदा होंडा वाहन ले जाईये ...*

ड्रीम्स होंडा गोंदिया रोड, बालाघाट
8349272776, 8349032276

नियम एवं शर्तें लागू*

| बैहर | कटंगी | वारासिवनी | लालबर्रा | किरनापुर | लांजी | बिरसा | चांगोटोला | खैरलांजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8269793376 | 8109182276 | 9893782276 | 8461905148 | 8085882276 | 8827156863 | 9669526297 | 8959143504 | 8962992776 |

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800

2 मंगलवार 23 जून 2026
जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# मुंजारे समर्थक सहजलाल उपवंशी, राजा लिल्हारे और अन्य से विशाल बिसेन को जान का खतरा..

## पवार समाज विशाल की सुरक्षा की करेगा मांग.. सौंपा जायेगा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट में गर्रा ओवरब्रिज के लोकार्पण के दौरान के उपरांत पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने राजा भोज पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी, जिसके बाद बढ़ता विवाद अब हिंसक होने की संभावनाओं से युक्त दिखाई लेने लगा है, तथा चूंकि कंकर मुंजारे के समर्थन में ऐसे लोग अग्र पंक्ति में आगे आए हैं जिनका उग्र आपराधिक रिकॉर्ड रहा है, तथा सोशल मीडिया से लेकर अन्य कई तरह से विशाल बिसेन के खिलाफ जहर उगला जा***

रहा है, जिसके कारण पवार समाज में कंकर मुंजारे के अपराधी किस्म के समर्थकों से विशाल बिसेन को जान को खतरा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार विशाल बिसेन की सुरक्षा के लिए पवार समाज पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा से सुरक्षा की मांग के लिए ज्ञापन सौंपेगा, वहीं मुंजारे समर्थकों की निगरानी रखने की मांग भी जाएगी।

### जातिगत तनाव भड़काने की भी की जा रही कोशिशें..

गौरतलब है कि कंकर मुंजारे ने गर्रा ओवरब्रिज के लोकार्पण पर राजाभोज का नामकरण किए जाने पर आपत्ति दर्ज की थी तथा पवार समाज को खुश करने के लिए ऐसा किये जाने पर आपत्ति उठाने के साथ ही राजा भोज पर भी सवाल खड़े किए थे, जिससे कि यह आपत्ति संपूर्ण पवार समाज ही नहीं बल्कि सर्व समाज को अनुचित लगी, तथा इसके बाद पवार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी और जिलाध्यक्ष विशाल बिसेन के नेतृत्व में कंकर मुंजारे के घर के सामने प्रदर्शन करते हुए पवार समाज ने कंकर मुंजारे पर अपराध दर्ज करवाया था, जिसके कारण फिर कंकर मुंजारे के समर्थन में भी रैली और प्रदर्शन किया गया। इस रैली और प्रदर्शन का नेतृत्व कंकर मुंजारे समर्थक सहजलाल उपवंशी, राजा लिल्हारे और अन्य उन लोगों ने किया, जिनका खुंखार आपराधिक रिकार्ड बताया जा रहा है। कंकर के समर्थक सहजलाल उपवंशी पर महिपाल लिल्हारे एवं शैलेश नाई की हत्या का अपराध दर्ज रहा है। जबकि बताया जा रहा है कि सहज लाल उपवंशी रेत और जमीन का कारोबारी है तथा उसने कई गुंडे भी पाल रखे हैं। जबकि इसी तरह राजा लिल्हारे का भी रिकार्ड आपराधिक बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कंकर मुंजारे के खास समर्थकों का ऐसा रिकार्ड और सोशल मीडिया पर टिप्पणियां कर मामले को पवार वर्सेस लोधी समाज के बीच तनाव का रूप दिये जाने की कोशिश भी कंकर मुंजारे और उनकी पत्नी अनुभा मुंजारे द्वारा की जा रही है, इसके दावे किये जा रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल बिसेन के खिलाफ किए गए प्रदर्शन में लोधी समाज के लोगों को शामिल होने के लिए अनुभा मुंजारे और उनके पुत्र शांतनु मुंजारे द्वारा भी फोन किया गया, जिसके कारण अनुभा मुंजारे के समर्थक कनकी सरपंच और अन्य कुछ लोग भी कंकर के समर्थन में प्रदर्शन करने पुलिस थाने का घेराव करने तक पहुंचे थे। हालांकि यहां ध्यान देने योग्य यह है कि पवार समाज द्वारा जो प्रदर्शन किया गया वो लोधी समाज के खिलाफ नहीं बल्कि व्यक्तिगत कंकर मुंजारे के खिलाफ था, जबकि कंकर मुंजारे समर्थकों द्वारा कंकर मुंजारे के खिलाफ किए गए प्रदर्शन को लेकर विशाल बिसेन और अन्य सभी पवार समाज के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की गई थी, तथा मामले को जातिगत तनाव में बदलने का प्रयास किया गया था। जिसका परिणाम यह हुआ कि सोशल मीडिया में भी तरह तरह की विवादास्पद टिप्पणियों की बाढ़ आ गई। अब इस मामले में विशाल बिसेन को कंकर और अनुभा समर्थकों द्वारा टारगेट बनाकर निपटाने की योजना के निर्देश समर्थकों को दिए जाने की बात चर्चाओं में आ गई है, तथा इसी कारण से पवार समाज का प्रतिनिधिमंडल बालाघाट पुलिस अधीक्षक से विशाल बिसेन की सुरक्षा की मांग के लिए आज ज्ञापन सौंपेगा, ऐसा बताया जा रहा है।

कुल मिलाकर कंकर मुंजारे की एक जातिगत आधार बनाकर की गई टिप्पणी वैमनस्यता के शिखर पर पहुंचाने की कोशिशों की दिशा में बढ़ाई जाती दिखाई दे रही है, तथा इस मामले में अब पुलिस विभाग को चौकन्ना रहकर कार्यवाही करना होगा, अन्यथा यदि मामला व्यक्तिगत रंजिश या जातिगत तनाव में तब्दील हुआ तो स्थितियां नियंत्रण के बाहर भी जा सकती है, तथा यदि ऐसा हुआ तो यह शांतिप्रिय बालाघाट जिले के लिए अच्छा नहीं होगा।

# अभिषेक सराफ को हटाने दलगत राजनीति से हटकर एक हुए सभी जिला पंचायत सदस्य..

## मुख्यमंत्री से मुलाकात कर हटाने की करेंगे मांग नही जिला पंचायत में दी तालाबंदी की चेतावनी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट के जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ के दुर्व्यवहार एवं तानाशाहीपूर्ण तरीके से कार्य करने की पद्धति के खिलाफ दलगत राजनीति से हटकर कांग्रेस भाजपा संहित सभी जिला पंचायत सदस्य एक हो***

गए हैं, तथा सभी ने अब मुख्यमंती से मिलकर अभिषेक सराफ को हटाने की मांग करने तथा नहीं तो फिर जिला पंचायत में तालाबंदी करने का ऐलान आज कर दिया है।

गौरतलब है कि जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक सराफ के दुर्व्यवहार को लेकर पहले भी बालाघाट के अधिवक्ताओं ने लामबंद होकर प्रदर्शन कर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी, और न्यायालय में घसीटने तक की धमकी दे डाली थी, लेकिन इसके बाद सुलह समझौता हो गया था, इसके बाद फिर अब 19 जून शुक्रवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक के दौरान विधायक प्रतिनिधि और सीईओ के बीच सवाल-जवाब को लेकर बहस होने पर बाद सीईओ अभिषेक सराफ बैठक छोड़कर चले गए थे। इस घटना के बाद से ही भाजपा और कांग्रेस से जुड़े जिला पंचायत सदस्यों ने एकजुट होकर सीईओ को हटाने की मांग कर दी, और जिला पंचायत सदस्य निरंतर सराफ को हटाने के लिये अड़े हुए हैं।

### शिव भास्कर के माध्यम से चलाया जा रहा भ्रष्टाचार का बड़ा खेल..

गौरतलब है कि बालाघाट जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक सराफ के अधिनस्थ कार्य करने वाले भास्कर शिव पर उनकी ओर से दलाली करने की बात दबी जुबान कही जाती है। बताया जा रहा है कि भास्कर शिव के माध्यम से सीईओ ग्राम पंचायतों के विकास कार्य से लेकर समस्त विभागीय अधिकारियों व सरपंच सचिवों से वसूली का दबाव बनाते हैं, तथा उनके ईशारे पर भास्कर शिव भी बड़ी काली कमाई का बादशाह बताया जाने लगा है।

हांलाकि इस तरह की खबरों की जब तक जांच ना हो पुष्टि तो नहीं की जा सकती, लेकिन जानकारी के अनुसार सीईओ अभिषेक सराफ के संरक्षण में तथा उनके लिये भास्कर शिव की दलाली जोरों पर है, और उसकी मनमानी के चलते जिला पंचायत सदस्य भी आक्रोशित हैं।

### बोले सम्राट सिंह सरसवार..

**जिला पंचायत के अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार ने मीडिया के समक्ष कहा कि जब तक जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ को हटाया नहीं जाता, तब तक उनका विरोध, प्रदर्शन और आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत के अधिकांश जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर एकजुट हैं और अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है। जिला पंचायत में सीईओ को लेकर बढ़ते विरोध के बीच आने वाले दिनों में यह मामला और अधिक गरमा सकता है। फिलहाल सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि मुख्यमंत्री स्तर पर होने वाली संभावित मुलाकात के बाद शासन इस मामले में क्या निर्णय लेता है।**

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

ग्रेसियस् कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड , बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

# बालाघाट मे सदगुरु कबीर प्रकट उत्सव पर निकली भव्य रैली, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर के स्थानीय कमला नेहरू सभा हाल में आज 22 जून को सदगुरु कबीर साहेब के प्रकट उत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत***

सुबह विशाल रैली के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा और धर्मावलंबी शामिल हुए। रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए पुनः कमला नेहरू सभा हाल पहुंची, जहां सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन के दौरान समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को इसके लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सतीश दास जी ने बताया कि सतगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन द्वारा बीते कई वर्षो से सद्गुरु कबीर साहेब का प्रकट उत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन का उद्देश्य समाज को एकजुट करना, सामाजिक जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर हर वर्ष विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सद्गुरु कबीर साहेब के विचार आज भी समाज को सत्य, सद्भाव, समानता और मानवता का मार्ग दिखाते हैं। उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के आयोजनों का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया गया और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया गया।

# दीपक राणा ने कोषालय अधिकारी का पदभार ग्रहण किया..

जगप्रेरणा बालाघाट।

श्री दीपक राणा (उपसंचालक वित्त) द्वारा 19 जून को वरिष्ठ कोषालय अधिकारी बालाघाट का पदभार ग्रहण कर लिया गया है। श्री राणा, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा वर्ष 2014 बैच के वित्त सेवा के अधिकारी हैं। पूर्व में पदस्थ श्री अमित मरावी का स्थानांतरण उपसंचालक केंद्रीकृत पेंशन सेल, भोपाल में किया गया है।

श्री राणा ने पदभार ग्रहण करने के अवसर पर कोषालय परिवार के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री राणा का स्वागत किया गया और उन्हें नवीन दायित्व के सफल निर्वहन हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

# श्री भलावी ने जिला आपूर्ति अधिकारी का पदभार संभाला

जगप्रेरणा बालाघाट।

मण्डला से स्थानांतरित होकर आये श्री संत कुमार भलावी ने 22 जून को जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी बालाघाट का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बालाघाट में पदस्थ आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर का कटनी स्थानांतरण हो गया है।

# वैनगंगा नदी में डुबने से 34 वर्षीय युवक की मौत..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट के वैनगंगा नदी के जागपुरघाट में 34 वर्षीय युवक रघुजी पिता वेंकटेश राणा निवासी वार्ड नं. 33 हरिओम नगर बालाघाट की डुबकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार 22 जून को युवक***

नहाने के लिए गया था, जिससे नहाते समय गहरे पानी में समा गया। पुलिस को जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बचावदल को शव का पता लगाने के लिये नदी में बोट के साथ उतारा, जिस पर 1 घंटे की मेहनत में पुलिस के बचाव दल को सफलता मिल गई। युवक का शव बाहर निकालने के कार्य में 1) हवलदार 305 रामभरोस वरकड़े, 2) सैनिक 220 धनलाल गौतम, 3) सैनिक 214 युवराज ठाकरे, 4) सैनिक 10 योगेश बघेल, 5) सैनिक 256 आशीष साहू, 6)1205 राजेश धुर्वे, 7)1202 कमलेश मरावी, 8) वाहन चालक देवेंद्र गेडाम ने अथक प्रयास किया।

### सोमवार को किया गया पोष्टमार्टम..

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में मृतक रघु के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कोतवाली पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था, तथा उसने बीटेक की पढ़ाई करते हुए दो बार पीएससी मेंस परीक्षा भी दिया था। वर्तमान में वह अंग्रेजी विषय से एमए की पढ़ाई कर रहा था और भाई की तरह प्रोफेसर बनने की चाहत थी। मृतक युवक विवाहित भी था।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time  AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# मोहर्रम की रौनक से सजा सिवनी: आज निकलेगी अखाड़ों की अज़ीम-ओ-शान रैली

### इस्लामिक नए साल का आगाज़, इबादत और कुर्बानी की याद का महीना..

जगप्रेरणा सिवनी।

*इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना मोहर्रम अपनी धार्मिक अहमियत, इबादत, सब्र और कुर्बानी की यादों के लिए जाना जाता है। मोहर्रम के महीने के साथ ही इस्लामी नए वर्ष की शुरुआत होती है।*

दुनिया भर में मुस्लिम समुदाय इस माह को बड़े अदब, एहतराम और अकीदत के साथ मनाता है। खासतौर पर मोहर्रम की 7वीं, 9वीं और 10वीं तारीख का विशेष महत्व माना जाता है। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला के शहीदों की याद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम लोगों को इंसानियत, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान की प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि मोहर्रम पर्व को लेकर सिवनी जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में इन दिनों विशेष उत्साह और रौनक देखने को मिल रही है।

इमामबाड़े और अखाड़ों में तैयारियां जोरों पर हैं। युवाओं और बुजुर्गों द्वारा पारंपरिक आयोजनों को सफल बनाने के लिए लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के प्रवक्ता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज 23 जून को शाम लगभग 4 बजे से नगर में अखाड़ों की एक विशाल एवं पारंपरिक रैली निकाली जाएगी। इस रैली में नगर के लगभग 14 से 15 अखाड़े शामिल होंगे, जो अपने-अपने फन, करतब और पारंपरिक प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगे।

### फैजगंज चौक इमामबाड़े से होगा रैली का आगाज़..

रैली का शुभारंभ फैजगंज चौक स्थित इमामबाड़े से किया जाएगा। परंपरा के अनुसार सभी अखाड़े सबसे पहले कुंजड़ी मोहल्ला पंचायती अखाड़े में पहुंचकर सलामी पेश करते हे। इसके पश्चात सभी अखाड़े इमामबाड़े में एकत्रित होकर यहां से जुलूस के रूप में नगर भ्रमण के लिए रवाना होंगे।

### नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरेगी रैली..

अखाड़ों की यह अज़ीम-ओ-शान रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। गश्त के दौरान अखाड़ों द्वारा पारंपरिक खेल, शौर्य प्रदर्शन और धार्मिक अनुशासन का परिचय दिया जाएगा। रैली का समापन ध्यानचंद वार्ड स्थित काजी वार्ड में होगा, जहां अंतिम सलामी और दुआ के साथ कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा।

### कमेटी ने की अधिक से अधिक सहभागिता की अपील..

मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद असलम खान पत्ते वाले, व्यवस्थापक अकील सरकार, सरपरस्त हाजी शमी अंसारी, हाजी हैदर ठेकेदार,बाबा भाई, शब्बीर वारसी, हमीद भाई, जाहिद भाई साबिर भाई, महफूज भाई, शफीक पटेल कमेटी पदाधिकारी राजीक अकील हसीब कुरैशी, नब्बू भाई पार्षद शोएब राजा, जुनैद सानी, फैसल खान, इरफान खान, सलीम खान, मोहम्मद अली मुबीन कुरैशी, बब्लू भाई सूमो वाले, डॉ मंसूरी, अशर खान, शोएब नवाब, इलयास खान तारिक अनवर, सहित समस्त पदाधिकारियों एवं अखाड़ों के कप्तानों ने और उस्तादों ने मुस्लिम वर्ग के लोगों से बड़ी संख्या में शामिल होकर रैली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण माहौल में सफल बनाने की अपील की है।

### मोहर्रम देता है अमन, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम..

मोहर्रम केवल मातम या स्मरण का पर्व नहीं, बल्कि यह इंसानियत, सब्र, कुर्बानी, हक और इंसाफकी राह पर चलने का संदेश देता है। कर्बला की शहादत आज भी पूरी दुनिया को अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने और मानवता की रक्षा के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। यही वजह है कि मोहर्रम का यह मुकद्दस महीना सभी वर्गों के लोगों के लिए श्रद्धा, सम्मान और सीख का प्रतीक माना जाता है।

# रखरखाव के अभाव में जर्जर हो रहा वेनगंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

### छत पर उगे पीपल के पेड़ों से बढ़ रहा नुकसान, दुकानों के साथ आवासीय फ्लैटों पर भी असर..



जगप्रेरणा सिवनी।

*शहर के प्राइवेट बस स्टैंड के समीप स्थित वेनगंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स वर्षों से रखरखाव के अभाव का शिकार है। हाउसिंग बोर्ड* द्वारा निर्मित इस परिसर में निचले हिस्से में दुकानें और ऊपरी मंजिलों पर आवासीय फ्लैट बने हुए हैं। समय के साथ भवन की हालत लगातार बिगड़ती गई, लेकिन इसके संरक्षण और मरम्मत की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए। नतीजतन अब कॉम्प्लेक्स की छत और ऊपरी हिस्सों में पीपल के पेड़ उग आए हैं, जिनकी जड़ें भवन की संरचना को प्रभावित कर रही हैं। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले भवन की स्थिति को लेकर रहवासियों और व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय परिसरों में शामिल वेनगंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कई वर्ष पहले किया गया था। परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही रहती है। इसके बावजूद नियमित मेंटेनेंस के अभाव में भवन के कई हिस्सों में जर्जरता के संकेत दिखाई देने लगे हैं। छत और ऊपरी मंजिलों पर उगे पीपल के पेड़ इसकी बदहाल स्थिति को दर्शा रहे हैं। भवन की दीवारों और छत के कुछ हिस्सों पर भी समय के असर के निशान दिखाई देने लगे हैं।

### समय पर नहीं हुई देखरेख..

स्थानीय लोगों के अनुसार कॉम्प्लेक्स के निर्माण के बाद शुरुआती वर्षों में इसकी स्थिति बेहतर थी, लेकिन समय के साथ रखरखाव की व्यवस्था कमजोर पड़ती गई। छत पर जमा मिट्टी, धूल और नमी के कारण छोटे पौधे उगने लगे। समय रहते उनकी सफाई नहीं कराई गई, जिससे अब कई स्थानों पर पीपल के पेड़ विकसित हो चुके हैं। इन पेड़ों की जड़ें कंक्रीट और दीवारों के भीतर तक पहुंच रही हैं, जिससे भवन को नुकसान पहुंच रहा है।भवनों की छत और दीवारों में उगने वाले पीपल के पेड़ समय के साथ निर्माण सामग्री को प्रभावित करते हैं। लगातार बढ़ती जड़ों के कारण दरारें और अन्य नुकसान होने की संभावना भी बढ़ जाती है। यही वजह है कि ऐसे पेड़ों को प्रारंभिक अवस्था में ही हटाने की आवश्यकता होती है।

### मानसून से पहले बढ़ी चिंता..

बारिश का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसे में भवन के जिन हिस्सों में दरारें और क्षति दिखाई दे रही है, वहां पानी पहुंचने से नुकसान और बढ़ सकता है। लगातार नमी मिलने से छत पर उगे पेड़ों की वृद्धि भी तेज हो सकती है। इससे भवन की स्थिति और खराब होने की आशंका बनी हुई है।

कॉम्प्लेक्स में रहने वाले लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान कई स्थानों पर सीलन और पानी रिसने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। वहीं दुकानदारों का कहना है कि भवन की बिगड़ती स्थिति का असर पूरे परिसर पर दिखाई दे रहा है।

### मेंटेनेंस को लेकर एक-दूसरे पर जिम्मेदारी..

कॉम्प्लेक्स के रखरखाव को लेकर स्थिति लंबे समय से स्पष्ट नहीं हो सकी है। नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी भवन के मेंटेनेंस की जिम्मेदारी हाउसिंग बोर्ड की बताते हैं, जबकि हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी इस संबंध में नगरपालिका की भूमिका का हवाला देते हैं। दोनों विभागों के बीच जिम्मेदारी तय नहीं होने से आवश्यक मरम्मत और रखरखाव का कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है।

इसका सीधा असर भवन की स्थिति पर दिखाई दे रहा है। वर्षों से व्यापक स्तर पर मरम्मत नहीं होने के कारण कॉम्प्लेक्स की जर्जरता लगातार बढ़ती जा रही है। परिसर में रहने वाले लोगों और व्यापारियों का कहना है कि विभागों के बीच जिम्मेदारी तय होने के बाद ही मेंटेनेंस की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकेंगे।

# समय पर नहीं उठा राशन तो अन्नदूत परिवहनकर्ताओं पर होगी सख्त कार्रवाई

### कलेक्टर खाद्य शाखा ने जारी किए निर्देश: 30 जून तक जुलाई माह का खाद्यान्न उठाने का लक्ष्य..



जगप्रेरणा सिवनी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (हस्न्र्क्र) योजना के तहत शासकीय राशन का समय-सीमा में उठाव सुनिश्चित करने के लिए खाद्य विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला आपूर्ति अधिकारी देवेंद्र कुमार खोबरिया की अध्यक्षता में 'मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना' के परिवहनकर्ताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी माह जुलाई 2026 के **PDS** खाद्यान्न का उठाव 30 जून 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए।

उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने वाले परिवहनकर्ताओं के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में निर्देशित किया गया कि **PDS** के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन **(MDM)**, एकीकृत बाल विकास सेवा **(ICDS)** और कल्याणकारी संस्थाओं **(KKY)** के राशन का उठाव भी समय-सीमा में करना अनिवार्य होगा।

इस व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए जिले के सभी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों, **MPSCSC** के प्रदाय केंद्र प्रभारियों और **MPWLC** के शाखा प्रबंधकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से गोदाम खुलवाकर नियमानुसार उठाव पूर्ण कराएं। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला सिवनी द्वारा आदेश क्रमांक/खाद्य-पीडीएस/714/2026 जारी कर दिया गया है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433


# सरिता पाराशर को मिली पी एचडी की उपाधि..

### राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू की उपस्थिति में दिया गयी उपाधि..



जगप्रेरणा सिवनी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या महाविद्यालय सिवनी मैं वर्ष 2010 में छात्र संघ अध्यक्ष रही सरिता पाराशर को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू, राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव शिक्षा मंत्री इंद्र कुमार परमार कुलपति रविकांत सोनवाल एवं कुणाल दुबेद्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में आयोजित छत्तीसवा दीक्षांत समारोह के अवसर पर पीएचडी की उपाधि सेसम्मानित किया गया।

आपने डॉक्टर सी के चौक से के मार्गदर्शन में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में राजकीय योजनाओं का योगदान विषय पर अपना शोध कार्य किया था। आप स्व पंडित बिहारी लाल पाराशर वेद की पोती एवं स्वर्गीय अनिल पाराशर की पुत्री एवं अनुप् पाराशर की बहन तथा सुनील पाराशर की भतीजी है। उक्त मेधावी छात्रा ने इसका श्रेय अपने गुरु जनों को दिया है। गुप्त छात्र-छात्रा को पूर्व पर प्राचार्य डॉ अमिता पटेल, कल्पना इंगले एवं प्राचार्य डॉक्टर ओम प्रकाश सवैया, डा पंकज शेडे, नरेंद्र भीमटे सहित समस्त स्टाफ में अपनी शुभकामनाएं दी है।

# संजय वार्ड के नाले-नालियों की जल्द सफाई कराए नगर पालिका..

### बारिश में जलभराव से बढ़ा खतरा - शफीक खान..





जगप्रेरणा सिवनी।

*बारिश का मौसम शुरू होते ही शहर में नाले और नालियों की सफाई की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है, लेकिन नगर पालिका परिषद सिवनी का उदासीन रवैया* आम नागरिकों की परेशानियों को बढ़ाने का काम कर रहा है। इसका ताजा उदाहरण संजय वार्ड में देखने को मिला, जहां मात्र एक दिन की बारिश के बाद ही सड़कों ने स्विमिंग पूल का रूप ले लिया। जगह-जगह पानी भर जाने से राहगीरों और वार्डवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ऐसी स्थिति में किसी बड़े हादसे या संक्रमण फैलने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता। हालात इतने खराब हो गए कि कई स्थानों पर संजय वार्ड के जागरूक नागरिकों को खुद फावड़ा उठाकर नालियों की सफाई करनी पड़ी। यह स्थिति नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। शफीक खान ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि संजय वार्ड सहित पूरे सिवनी शहर के नाले एवं नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए तथा जर्जर और पुरानी नालियों की मरम्मत भी कराई जाए।

जिससे आने वाले दिनों में जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। जनहित में समय रहते कार्रवाई आवश्यक है, अन्यथा बारिश के दिनों में आम जनता को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# विश्व योग दिवस पर सिद्ध बाबा में योग कार्यक्रम आयोजित..



जगप्रेरणा लखनादौन।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिद्ध बाबा परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन वन संरक्षक संध्या मैडम के मार्गदर्शन एवं वन मंडल अधिकारी उत्तर सिवनी डॉ महेन्द्र सिंह उईके के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर वन विभाग लखनादौन, एल एंड टी के उद्यमी प्रशिक्षार्थियों, कदम संस्था एवं ऊँ शांति ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर वन मंडल सिवनी लखनादौन परिक्षेत्र द्वारा किया गया।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


# ग्लोबल लॉ कॉलेज में हुआ बारहवां योग कार्यक्रम..




जगप्रेरणा सिवनी।

*ग्लोबल लॉ कॉलेज सिवनी में उच्च शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर के निर्देश अनुसार 21 जून 2026 को सुबह 8:00 बजे से महाविद्यालय परिसर में बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित किया गया जिसकी इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग पर आधारित थी।*

इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक साकिब खान एवं बिभाग अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी की उपस्थित मे कॉलेज के सभी सदस्यो ने एवं उपस्थित छात्रों ने योग के बिभिन्न आसनो को किया जिसमे मुख्य रूप से सूर्य नमस्कार, अनुलोम बिलोम, पद्मासन, ताड़ासन, कपालभाति, भद्रासन, वृक्षासन, आदि, को करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाया गया इस अवसर पर संचालक ने उपस्थित स्टॉफ को योग के महत्त्व से अबगत कराते हुए योग के लाभो को बताया

साथ ही उन्होंने बताया की किस प्रकार आज सारी दुनिया के बिभिन्न देशों के लोग तनाव से मुक्त होने एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए भारतीय परंपरा व संस्कृति की देन योग को अपनाकर तनाव मुक्त एवं स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं एवं उन्होंने योग को निरंतर अपने जीवन में करने की सभी को सलाह दी कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य एवं छात्र उपस्थित हुए।


### व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।



### ।। नाम परिवर्तन सूचना ।।

मैं शबीना बेगम पति श्री मोहम्मद राजिक खान निवासी संजय वार्ड, सिवनी तह. व जिला सिवनी शप-थपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे द्वारा दिनाँक 06/10/2017 को पासपोर्ट बनाया गया था जिसका नं. क्र.4050661 जिसका फाईल नं. **BP**1061506316017 है। जिस वक्त वोटर आई.डी. के माध्यम से मेरा नाम पासपोर्ट में शबीना बेगम **(SABINA BEGUM)** के नाम से बनाया गया था जबकि मेरा नाम सभी दस्तावेजों में **(SHABINA BEGAM)** पति **(MOHD RAZIK KHAN)** है। अतः मैं अपना पासपोर्ट दोबारा रिन्यू करवा रही हूँ जिसमें मेरे नाम की इस्पेलिंग सुधार कर शबीना बेगम **(SHABINA BEGAM)** व पति मोहम्मद राजिक खान **(MOHD RAZIK KHAN)** लिखा जाये, जिसमें मुझे व किसी को भी कोई आपति नहीं है। अपने इस निश्चय को प्रमाणित करने के उद्देश्य में यह प्रमाणित करती हूँ कि प्रलेखों तथा दस्तावेजों पर और सभी कार्यवाहियों तथा लेनदेन में निजी तौर पर तथा अवसरों पर अपना नाम शबीना बेगम **(SHABINA BEGAM)** के नाम का प्रयोग करूँगी और उसी के अनुसार चलूँगी। मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र के कथन मेरे स्वज्ञान से सत्य व सही है।

शपथकर्ता
शबीना बेगम संजय वार्ड, सिवनी



### ।। नाम परिवर्तन सूचना ।।

मैं मोहम्मद राजिक खान पिता श्री मोहम्मद वारिस खान निवासी संजय वार्ड, सिवनी तह. व जिला सिवनी शप-थपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा दिनाँक 06/10/2017 को पासपोर्ट बनाया गया था जिसका नं. क्र.4051247 जिसका फाईल नं. **BP**1061506356417 है। जिस वक्त वोटर आई.डी. के माध्यम से मेरा नाम पासपोर्ट में मोहम्मद राजिक खान **(MOHHMAD RAZIK KHAN)** के नाम से बनाया गया था जबकि मेरा नाम सभी दस्तावेजों में **(MOHD RAZIK KHAN)** पिता **(MOHHMAD WARIS KHAN)** है। अतः मैं अपना पासपोर्ट दोबारा रिन्यू करवा रहा हूँ जिसमें मेरे नाम की इस्पेलिंग सुधार कर मोहम्मद राजिक खान **(MOHD RAZIK KHAN)** पिता मोहम्मद वारिस खान **(MOHHMAD WARIS KHAN)** व पत्नि शबीना बेगम **(SHABINA BEGAM)** लिखा जाये। जिसमें मुझे व किसी को भी कोई आपत्ति नहीं है। अपने इस निश्चय को प्रमाणित करने के उद्देश्य में यह प्रमाणित करता हूँ कि प्रलेखों तथा दस्तावेजों पर और सभी कार्यवाहियों तथा लेनदेन में निजी तौर पर तथा अवसरों पर अपना नाम मोहम्मद राजिक खान **(MOHD RAZIK KHAN)** के नाम का प्रयोग करूंगा और उसी के अनुसार चलूगा. मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र के कथन मेरे स्वज्ञान से सत्य व सही है।

शपथकर्ता
मोहम्मद राजिक खान संजय वार्ड, सिवनी

4 मंगलवार 23 जून 2026

जग प्रेरणा

# वारासिवनी, कटंगी


डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## फारेक्स ट्रेडिंग करोडो की धोखाधडी के आरोपी राजा अली को बचाने का विधायक विवेक पटेल पर कर रहे प्रयास..

### पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा.. भाजपा की नगर पालिका परिषद के बडे बडे विकास कार्यो और जनता दरबार में बते जनविश्वास को सहन नही कर पा रहे कांग्रेसी विधायक..





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने प्रेस नोट जारी कर विधायक विवेक पटेल पर जमकर हमला बोला है। जिसमे फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोडो रूपये की धोखाधडी करने वाले वारा के पूर्व सरपंच राजा अली को बचाने के भी आरोप शामिल है।***

साथ ही पूर्व मंत्री ने केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नितियो के खिलाफगत दिवस कांग्रेस के धरना प्रदर्शन मे विधायक विवेक पटेल के भाषण को फेक नेरेटिव सेट करने की कोशिश करार दिया है। साथ ही विवेक पटेल से सीधा सवाल करते हुये उन्होने आरोप लगाते हुये कहा है की कभी विधायक विवेक पटेल अपने तात्कालिन नपा परिषद अध्यक्षीय कार्यकाल मे भ्रष्टाचार की लंबी लिस्ट पर निगाह तो फैला लेते तो उन्हे आरोपो की राजनिती क्या होती यह अवश्य पता चल जाता।

### विधायक के करीबी पर लगे करोडो के धोखाधडी के आरोप..

पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा है की विधायक विवेक पटेल के करीबी साथी वारा के पूर्व सरपंच राजा अली ने लाभ कमाने का प्रलोभन देकर फारेक्स ट्रेडिंग के नाम पर नगरीय व ग्रामीण जनता से धोखाधडी की है। यह मामला लगभग 25 करोड से उपर का हो चुका है। अनेको प्रार्थीयो ने पुलिस में लिखित शिकायत भी दर्ज करा दी है। पर आज तक आरोपी राजा अली के उपर कोई कार्यवाही न होना और विधायक विवेक पटेल द्वारा इस मामले मे पुरी तरह चुप्पी साध लेने से प्रतित हो रहा है की वह अपने करीबी साथी को बचा रहे है। जबकि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो से रोज आकर पीडित पुलिस थाने मे शिकायत दर्ज करवा रहे है।

### यह भी बोले पूर्व मंत्री..

विधायक विवेक पटेल को जमकर आडे हाथो लेते हुये पूर्व मंत्री ने कहा है की नपा परिषद के बडे बडे विकास कार्य विधायक पटेल को नही सहन हो रहे है। अतः उन्होने धरना प्रदर्शन में मनमानी आरोपो की राजनीति का घृणित प्रयास किया है। विधायक के एक आरोप मे हकीकत यह है की वारासिवनी नगर मे बालाघाट मार्ग, रामपायली मार्ग , कंटगी मार्ग और लालबर्रा मार्ग पर सभी तरफ की चौडी चौडी एंट्री पर डिवाईडरो पर एलईडी लाईट लग रही है या लग चुकी है। पूर्व मंत्री ने कहा कि नपा परिषद के चुनाव में उनके नेतृत्व में ही पूर्ण बहुमत से सरकार बनी थी। अतः नपा परिषद में अब जनता दरबार व बडे बडे विकास कार्यो मे उनका मार्गदर्शन मिलना नपा के लिये सौभाग्य की बात है। जनता दरबार में जनता के जबरदस्त जनविश्वास को मिलते देख विधायक विवेक पटेल अपना आपा खो गये है, इसलिये सिर्फ बेबुनियाद आरोपो की राजनीति का सहारा ले रहे है। गौरतलब है की गत नपा चुनाव मे कांग्रेस का एक भी पार्षद जीत नही पाया था, अत उसकी खीज भी अब निकलते दिख रही है।

### विधायक की दोगली राजनीति..

प्रदीप जायसवाल ने आगे कहा कि कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में विधायक विवेक पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर भी आरोपो की बौछार कर दी थी। जबकि हकीकत यह है की शासकीय कार्यक्रमों में विधायक विवेक पटेल स्वंय अनेको बार पैर पड़कर मुख्यमंत्री का आर्शीवाद लेते हुये नजर आते है, और तो और नगर में बडे बडे फ्लैक्स लगाकर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त करते सहजता से दिख जाते है। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को मुख्यमंत्री ने 2 कौडी का बोला पर कांग्रेस चुपचाप बैठी रही और विधायक विवेक पटेल के मूंह पर ताला लगा रहा, इसका अर्थ है की विधायक पटेल दो नाव पर सवारी कर रहे है वो दोगली राजनीति करते हुए भाजपा से न्योता मिलने का इंतजार कर रहे है और विपक्ष का विधायक होने का धर्म भूल गए है जिससे वह कौन सी पार्टी के विधायक है अब जनता यह समझ ही नही पा रही है।

### अपने कार्यकाल के घोटालों पर जवाब दें विवेक पटेल..

पूर्व मंत्री जायसवाल ने कहा कि जब विवेक पटेल नपा अध्यक्ष थे, तब के कार्यकाल में मेरे द्वारा टिकीट लाकर पद, प्रतिष्ठा एवं पैसा लगाकर चुनाव जीताने के बावजूद सबसे पहले मुझे धोखा दिया और मुझसे अलग होकर नगर पालिका में भ्रष्टाचार की सारी सीमाओं को लांघकर बिजली सामान, सफाई पावडर, फिनाइल, बाल्टी खरीदी के नाम पर करोड़ो की फर्जी खरीदी कर रूपये का बंदरबाट भी किया। विवेक पटेल ने अध्यक्ष रहते नगरपालिका की संपत्ति ( सोसायटी को किराये से दिए गए दो कमरे ) को बेच कर लाखो रूपये का गबन भी किया है, और उन दुकानों की फर्जी रजिस्ट्री भी हो गयी थी। जब मामला उजागर हुआ तब खरीददार के नाम नामांतरण नहीं हो पाया और उसके 20 लाख रूपये आखिर फंस ही गए, इसका जवाब भी विवेक पटेल को देना होगा।

### आखिर एसडीएम ने क्योंलगायी थी रोक..

प्रदीप जायसवाल ने आगे कहा कि नपा अध्यक्ष रहते विवेक पटेल ने तात्कालिन समय में राजा भोज कॉम्पलेक्स में आदिवासी कोटे की आरक्षित दुकान को नियमों को तक पर रखकर अपने सगे भाई के नाम पर हड़पने का काम किया है। वार्ड नंबर 8 और वार्ड नंबर 9 में तालाब के सौदर्यीकरण के नाम पर बिना कुछ किए लाखो के बिल भी निकल गये थे। इसी तरह जयस्तम्भ के पास द्वारका चाय दुकान के बाजु में अवैध कब्जा कर दुकान बनाकर 10 लाख में बेचने का प्रयास किया था। किन्तु एसडीएम ने तुरंत कार्यवाही कर अवैध दुकान तुड़वा दिया था। इसी प्रकार पद का दुरूपयोग करते हुये रामपायली रोड पर नजुल जमीन पर 20 बाई 20 की अवैध दुकान बनाई थी और उसे भी 20 लाख रूपये में बेचा जा रहा था। उसकी भी शिकायत मिलने पर एसडीएम द्वारा रामपायली रोड़ पर उसे तोड़ दिया गया था। विधायक पर आरोपो की झडी लगाते हुये उन्होने कहा की नगर मे दुर्गा मंदिर के बाजु मे मरारी माली समाज के सब्जी भाजी बेचने वाली महिलाओ और वृद्ध जनों को बैठने की जगह को बलपुर्वक जेसीबी लगाकर विवेक पटेल द्वारा हटाकर धन्ना सेठो को देने का कार्य इसी पटेल द्वारा किया गया था। इसी विषय में बाद में मैने हस्तक्षेप कर मरार माली समाज को यह जगह वापस दिलवाई थी।

### दस प्रतिशत की मांग कर रहे थे ठेकेदारों से..

विधायक पटेल पर ही अब आरोप लगाते हुये प्रदीप जायसवाल ने कहा की दुर्गा मंदिर के सामने की चाल में लाखो रूपये लेकर दुकान निर्माण की अनुमति रहने के बावजूद और रूपया मिलने की लालसा के चलते स्लैब निर्माण कार्य को रोककर तुडवाने का कार्य इसी विवेक पटेल के द्वारा किया गया। जिसमे एक दुकान इनके मित्र रत्नेश मिश्रा और दूसरी दुकान मरार समाज के पूर्व पार्षद वार्ड नम्बर 6 खैरवार की थी। विवेक पटेल ने आखिरी साल मे तो सारे ठेकेदारो से 10 प्रतिशत कमीशन मिलने पर ही बिल निकालने की प्रथा चालू कर दी थी। जिससे परेशान होकर सारे ठेकेदारों ने काम ही बंद कर दिए थे। और कह दिया था की अब वो सब पटेल के हटने के बाद ही काम करेंगे। यही कारण है की विवेक पटेल का नपा अध्यक्षीय कार्यकाल विकास कार्यों मे जीरो रहा, किन्तु फर्जी चेक काटने मे हीरो रहा था।

### अपने प्रयासों का हिसाब भी तो दो..

पूर्व मंत्री जायसवाल ने कांग्रेस विधायक पटेल पर जमकर बरसते हुए कहा कि दुसरो पर आरोप लगाने के पहले स्वयं अपने ढाई साल के कार्यकाल में प्रदेश सरकार के बजट से कितनी राशी क्षेत्र के विकास के लिये लाने में सफल रहे, इसका भी हिसाब देवे। बार बार भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ आभार वाली अपनी फोटो लगाकर वे झूठी वाहवाही और फर्जी संबंधो से क्षेत्र की जनता को कितना और कब तक बेवकूफ बनायेगे। हमारा क्षेत्र बहुत जागरूक व बौद्विक है। अब वह आरोपो की राजनीति और फर्जी कहानीयो के किस्सो को अच्छे से पहचानता भी है।

## 8.5 घंटे के शटडाउन से 250 गांव बेहाल





जगप्रेरणा कटंगी।

***म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 132/33 केवी उपकेंद्र खमरिया में जरूरी सुधार कार्य के चलते शनिवार 20 जून को कटंगी क्षेत्र के करीब 250 गांवों में साढ़े 8 घंटे तक बिजली गुल रही।***

सुबह 10 बजे शुरू हुआ शटडाउन शाम 6:30 बजे तक चला। अचानक बिजली कटने से पूरा इलाका हाहाकार कर उठा। 42 डिग्री तापमान और उमस के बीच पंखे-कूलर बंद होने से बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे ज्यादा परेशान हुए। बिजली विभाग ने शटडाउन की जानकारी पूर्व में दी थी, लेकिन निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देरी से काम शुरू होने के कारण लोगों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ी। खमरिया उपकेंद्र से जुड़े कटंगी, तिरोड़ी, वारासिवनी, अरी, कटेरा और बोनकट्टा फीडर पूरी तरह बंद कर दिए गए। इसके चलते कटंगी नगर के साथ-साथ लखनवाड़ा, कोचेवाही, महकेपार, सुखरीटोला समेत 250 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति ठप रही।

### सरकारी कामकाज ठप, दुकानें बंद

बिजली कटौती का सबसे ज्यादा असर सरकारी कार्यालयों पर पड़ा। तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत, नगर परिषद, बिजली विभाग, बीआरसी, कृषि विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग समेत सभी दफ्तरों में कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटो कॉपी मशीनें बंद पड़ी रहीं। प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी और ई-केवाईसी जैसे जरूरी काम कराने पहुंचे ग्रामीणों को बैरंग लौटना पड़ा। ऑनलाइन फॉर्म सेंटर और फोटोस्टेट सेंटरों पर ताले लटके मिले।

व्यापारिक गतिविधियां भी पूरी तरह ठप रहीं। वेल्डिंग वर्कशॉप, आरा मशीन, आटा चक्की का संचालन बंद हो गया। इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल रिपेयरिंग की दुकानों पर ग्राहक तो आए, लेकिन बिजली न होने के कारण दुकानदारों ने हाथ खड़े कर दिए। कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम पार्लरों में रखा सामान खराब होने के कगार पर पहुंच गया। दुकानदारों का कहना था कि सुबह 10 बजे से ही लोड नहीं था, जिससे फ्रिज और डीप फ्रीजर बंद हो गए।

### इनवर्टर भी हुए फेल


जिन घरों और दुकानों में इनवर्टर लगे थे, वहां भी दोपहर 12 बजे तक बैटरियां जवाब दे गईं। लगातार 2 घंटे से ज्यादा लोड पड़ने के कारण इनवर्टर बंद हो गए। इसके बाद पंखे, कूलर और एलईडी सब बंद हो गए। लोगों ने बताया कि बिजली विभाग ने पहले शाम 5 बजे तक लाइट देने का समय बताया था, लेकिन काम देरी से शुरू होने के कारण राहत देर से मिली।

### गर्मी और उमस ने बढ़ाई मुसीबत

जून की भीषण गर्मी में तापमान 42 डिग्री के आसपास चल रहा है। ऊपर से उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। घरों में महिलाएं हाथ के पंखे से हवा करती नजर आईं। बच्चे गर्मी से व्याकुल होकर रोते रहे। कई बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफहोने लगी। लोगों ने छतों और पेड़ों की छांव में बैठकर समय काटा। पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल दिखे।

### कृषि कार्य प्रभावित

खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच बिजली कटौती से किसानों को भी नुकसान हुआ। कृषि पंप बंद होने से सिंचाई का काम रुक गया। कई किसान खेतों में बीज और खाद डालने का काम नहीं कर पाए। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समय पर सिंचाई न होने से फसल पर असर पड़ सकता है। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि खमरिया उपकेंद्र में बस-बार और जंपर का सुधार कार्य जरूरी था, इसलिए शटडाउन लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि भविष्य में ऐसे मेंटेनेंस कार्य के लिए उपभोक्ताओं को पहले से वैकल्पिक व्यवस्था की सूचना दी जाएगी। लोगों ने मांग की है कि गर्मी के मौसम में लंबे शटडाउन से बचा जाए और वैकल्पिक फीडर की व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।




## कटंगीः तालाब में डूबने से 14 वर्षीय बालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महदोली में रविवार 21 जून को एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक बालक की पहचान अपूर्व पिता अनिल शेंडे, उम्र 14 वर्ष, निवासी ग्राम उमरी, थाना कटंगी के रूप में हुई है।***

जानकारी के मुताबिक अपूर्व के माता-पिता नागपुर में मजदूरी का काम करते हैं। गर्मी की छुट्टियों में अपूर्व अपनी नानी के पास ग्राम महदोली आया हुआ था। उसकी नानी इसी गांव में रहती हैं।

रविवार को अपूर्व बिना परिजनों को बताए अपने दोस्तों के साथ नानी के गांव पहुंचा था। गांव पहुंचने के बाद वह अपने साथियों के साथ गांव के पास स्थित तालाब में नहाने चला गया। नहाने के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने शोर मचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

घटना की जानकारी मिलते ही ठुआसपास के लोग दौड़कर तालाब तक पहुंचे और अपूर्व को पानी से बाहर निकाला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना शाम करीब 4 बजे परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही नागपुर से उसके माता-पिता गांव पहुंचे।

कटंगी पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटंगी अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

गर्मी के मौसम में बच्चों के तालाब, नदी और गहरे पानी में नहाने जाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। प्रशासन और सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार अपील की जा रही है कि परिजन अपने बच्चों पर नजर रखें और उन्हें अकेले पानी के पास न जाने दें। इस हादसे ने एक बार फिर इस बात की याद दिला दी है कि थोड़ी सी लापरवाही कितनी भारी पड़ सकती है।

### तिरोड़ी में अवैध कार्यों की बाढ़

## खुलेआम जारी है सट्टा-जुआ और गांजे का कारोबार, गौवंश तस्करी निरंतर जारी पुलिस संरक्षण का आरोप

जगप्रेरणा तिरोडी।

***तिरोड़ी क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का ग्राफतेजी से बढ़ रहा है। सट्टा, जुआ और गांजे का कारोबार खुलेआम चल रहा है। आरोप है कि यह पूरा गोरखधंधा पुलिस के संरक्षण में फल-फूल रहा है, जिससे क्षेत्र की नवजवान पीढ़ी बर्बाद हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तिरोड़ी,सोने गांव, बोथवा बोनकट्टा, हरदोली,***

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03 JULY | 57 | 68 | 57 | 53 | 57 | 53 | 68 |
| 04 JULY | 09 | 50 | 09 | 98 | 09 | 98 | 50 |
| 05 JULY | 81 | 39 | 81 | 77 | 81 | 77 | 39 |
| 06 JULY | 11 | 49 | 11 | 12 | 11 | 12 | 49 |
| 07 JULY | 30 | 49 | 30 | 59 | 30 | 59 | 49 |
| 08 JULY | 19 | 95 | 19 | 54 | 19 | 54 | 95 |
| 09 JULY | 87 | 31 | 87 | 43 | 87 | 43 | 31 |
| 10 JULY | 53 | 58 | 53 | 37 | 53 | 37 | 58 |
| 11 JULY | 78 | 84 | 78 | 25 | 78 | 25 | 84 |
| 12 JULY | 11 | 31 | 11 | 39 | 11 | 39 | 31 |
| 13 JULY | 03 | 38 | 03 | 58 | 03 | 58 | 38 |
| 14 JULY | 44 | 45 | 44 | 21 | 44 | 21 | 45 |
| 15 JULY | 33 | 45 | 33 | 35 | 33 | 35 | 45 |
| 16 JULY | 16 | 42 | 16 | 67 | 16 | 67 | 42 |

बम्हनी मीरगपुर क्षेत्र के परसवाड़ा सावरगांव ग्रामीण अंचल और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह सट्टा-पट्टी लिखी जा रही है।

चौक-चौराहों पर जुआरियों के अड्डे लग रहे हैं। वहीं गांजे की खुली बिक्री से युवा नशे की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। शाम होते ही कई स्थानों पर नशेड़ियों का जमावड़ा लग जाता है।

### गौवंश तस्करी भी चरम पर

क्षेत्र में गौवंश तस्करी का कारोबार भी चरम पर है। रात के अंधेरे में पैदल पिकअप और ट्रकों में भरकर गौवंश महाराष्ट्र की ओर ले जाए जा रहे हैं। तिरोडी थाने के अन्तर्गत मीरगपुर का मोहगांव बैल बाजार से गौवंश तस्कर पैदल और वाहनों से पशुओं को महाराष्ट्र प्रान्त में कत्लखाने पहुंचा रहे हैं कई बार ग्रामीणों ने तस्करों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फखानापूर्ति होती है।

### पुलिस पर संरक्षण के आरोप

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अवैध कारोबारियों को स्थानीय पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। शिकायत करने वालों को ही धमकाया जाता है। यही वजह है कि अवैध धंधे करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफहोकर काम कर रहे हैं।

### एसपी से लगाई गुहार

क्षेत्र में बढ़ते अपराध और नशे के कारोबार से परेशान नागरिकों ने बालाघाट एसपी से तत्काल हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही अवैध कारोबार बंद नहीं हुआ और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नशे और जुए के कारण युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में जा रहा है। घर-परिवार बर्बाद हो रहे हैं। प्रशासन को समय रहते सख्त कदम उठाने होंगे, वरना स्थिति और भयावह हो जाएगी।

## ग्राम पंचायत पौनियां में मेधावी छात्र सम्मान समारोह सफलतापूर्वक हुआ संपन्न..







जगप्रेरणा तिरोड़ी।

ग्राम पंचायत पौनियां में 20 जून 2026 को आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह बड़े ही उत्साह, गरिमा एवं भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिभावान एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथिगण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कहा गया कि 'मेधा का सम्मान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश देता है।'

कार्यक्रम के आयोजक आलोक चौधरी एवं मित्र मंडली पौनियां ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊर्जा प्रदान करने का माध्यम हैं। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, ग्रामवासियों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कतर के गैस प्लांट में हुआ जोरदार धमाका, कई भारतीयों समेत 13 की मौत; 66 घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*कतर के रास लाफान लिक्विफाइड नेचुरल गैस (LNG) कॉम्प्लेक्स में हुए जबरदस्त धमाके में भारतीय नागरिकों समेत कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 66 अन्य घायल हो गए।*



यह घटना उस समय हुई जब इस सुविधा केंद्र में कामकाज फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही थी। इस साल की शुरुआत में ईरान के हमले के बाद इसे बंद कर दिया गया था। हताहतों की पुष्टि करते हुए, कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी ने इस घटना को एक त्रासदी बताया और कहा कि पीड़ितों में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के कर्मचारी शामिल थे। कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी ने कहा, 'आज मुझे कुछ ऐसा करना पड़ रहा है जिसके बारे में मैंने हमेशा उम्मीद की थी कि ऐसा कभी नहीं होगा, और वह है भारतीय और पाकिस्तानी नागरिकता वाले हमारे 13 लोगों की दुखद मौत की घोषणा करना।'

उन्होंने आगे बताया कि धमाके में 66 लोग घायल हुए; यह धमाका तब हुआ जब कर्मचारी इस रणनीतिक ऊर्जा केंद्र में कामकाज फिर से शुरू करने की कोशिश कर रहे थे।

## भारतीय दूतावास ने जारी की इमरजेंसी हेल्पलाइन..

धमाके के बाद, दोहा में भारतीय दूतावास ने घटना पर चिंता जताई और भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन शुरू की। दूतावास ने कहा, 'दोहा में भारतीय दूतावास कल रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करता है, जिसमें अधिकारियों के अनुसार कई लोग घायल हो गए और कुछ लोग लापता हैं।' मिशन ने प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके रिश्तेदारों को पूरी मदद का भरोसा भी दिलाया। इसमें कहा गया, 'इस चुनौतीपूर्ण और मुश्किल समय में, भारतीय दूतावास और कतर में पूरा भारतीय समुदाय कतर की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। हम घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करते हैं

और लापता लोगों की सुरक्षा के लिए उम्मीद और प्रार्थना करते हैं।' दूतावास ने मदद चाहने वालों से अपनी इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने का आग्रह किया है।

## रीस्टार्ट ऑपरेशन के दौरान धमाका..

यह धमाका रास लाफान इंडस्ट्रियल एरिया में मौजूद बरजान गैस सप्लाई फैसिलिटी में हुआ। कतर एनर्जी के मुताबिक, यह धमाका और उसके बाद लगी आग तब हुई जब इलाके में तनाव की वजह से महीनों तक बंद रहने के बाद इस फैसिलिटी को फिर से शुरू करने की कोशिश की जा रही थी। शुरू में अधिकारियों ने कहा था कि इसमें बहुत कम लोग घायल हुए हैं। हालांकि, बाद में कतर के गृह मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों से पता चला कि हताहतों की संख्या काफी ज़्यादा थी, जिससे इस घटना की गंभीरता का पता चलता है। अधिकारी अभी भी धमाके से हुए स्ट्रक्चरल नुकसान का आकलन कर रहे हैं, जबकि घटना की असल वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# हॉरर हाउस की कहानी, एक ही घर से दो दिन में मिलीं तीन सड़ी-गली लाशें, गुना में फैली सनसनी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*गुना जिले के म्याना थाना क्षेत्र में एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक ही मकान से दो दिनों के भीतर तीन सड़ी-गली लाशें मिलने से पूरे अंचल में हडक़ंप मच गया है।*




रविवार को जहाँ मकान के एक हिस्से से ताला तोडक़र एक बुजुर्ग का शव निकाला गया था, वहीं सोमवार सुबह उसी परिसर के दूसरे कमरे से एक महिला और एक पुरुष का शव बरामद हुआ है। यह दोनों शव इतने सड़ चुके हैं लेकिन काफी समय तक शिनाख्त तक नहीं हो सकी। इस दौरान महिला की शिनाख्त गिंदाबाई जाटव निवासी बदरवास के रूप में हुई है, जबकि साथ में मिली दूसरी बॉडी की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार रविवार को मिले मृत ओमप्रकाश शर्मा और महिला के बीच अवैध संबंध हैं। फिलहाल तीसरे व्यक्ति की लाश कौन की है, उसकी जांच की जा रही है। एक ही घर से तीन लाशें मिलने के बाद यह पूरा मामला तिहरे हत्याकांड की ओर इशारा कर रहा है, जिससे इलाके में भारी दहशत का माहौल है।

## बंद घर से आ रही थी बदबू, ताला तोड़ा तो उड़ गए होश..

घटनाक्रम की शुरुआत रविवार सुबह उस वक्त हुई, जब म्याना में हनुमान मंदिर के पास स्थित एक मकान से पड़ोसियों को असहनीय दुर्गंध आने लगी। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। जब पुलिस की मौजूदगी में सूने मकान के मुख्य दरवाजे पर जड़ा बाहर का ताला तोड़ा गया तो भीतर का खौफनाक मंजर देखकर सबकी रूह कांप गई। कमरे के अंदर म्याना निवासी 60 वर्षीय ओम प्रकाश शर्मा का शव अत्यंत क्षत-विक्षत और सड़ी-गली अवस्था में पड़ा हुआ था। मृतक के भतीजे हेमंत शर्मा के मुताबिक, शव करीब तीन से चार दिन पुराना हो चुका था। चूंकि घर के बाहर ताला लगा था, इसलिए प्रथम दृष्ट्या ही इसे संदिग्ध मानकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। ओम प्रकाश शर्मा की पत्नी का पांच वर्ष पूर्व निधन हो चुका है और उनका इकलौता बेटा भोपाल में रहता है, जिसके कारण वे यहाँ अकेले ही रहते थे। वहीं पुलिस के अनुसार मृतक ओमप्रकाश और पास के कमरे में मिली गिंदाबाई के अवैध संबंधों की थ्योरी पर भी पुलिस काम कर रही है। जानकारी के अनुसार हाल ही में ओमप्रकाश द्वारा गिंदाबाई के लिए एक प्लॉट की रजिस्ट्री भी कराई थी। दोनों ही मृतक महिला एवं पुरूष शराब के आदि बताए जाते हैं।

## जांच करने पहुंची पुलिस के सामने खुला दूसरा राज, मिले दो और शव..

पुलिस के अनुसार पुलिस टीम जब रविवार की घटना के सिलसिले में आगे की कडिय़ों को जोडऩे और बारीकी से मुआयना करने घटना स्थल पर पहुँची, तो पास के बंद कमरे से भी तेज बदबू आ रही थी। दरवाजा खोलने पर अंदर एक महिला और एक पुरुष का शव सड़ी-गली अवस्था में मिला। अत्यधिक डीकंपोज (गल जाने) होने के कारण दोनों शवों की तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। बाद में महिला की शिनाख्त गिंदाबाई जाटव के तौर पर हुई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है। रहस्य गहराने के बाद पुलिस अधीक्षक हितिका वासल स्वयं दल-बल के साथ मौके पर पहुंचीं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और डॉग स्क्वॉड की टीमों को साक्ष्य जुटाने के लिए मैदान में उतारा गया है। दोनों नए शवों को भी पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बाहर से ताला बंद होने और एक के बाद एक तीन शव मिलने से मामला बेहद गंभीर हो गया है। पुलिस सभी पहलुओं, विशेषकर रंजिश और ऑनर किलिंग जैसे बिंदुओं पर गहराई से तफ्तीश कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और समय का वास्तविक खुलासा हो सकेगा।

## अवैध संबंध और ऑनर किलिंग का शक..

घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने बताया कि रविवार को मिले बुजुर्ग के शरीर पर शुरुआती जांच में चोट के कोई प्रत्यक्ष निशान नहीं थे और वह शव पूरी तरह सड़ चुका था। उसी मामले की कडिय़ों को जोड़ने के लिए जब पुलिस बल आज जांच करने पहुंचा तब पास के ही दूसरे कमरे से दो और शव बरामद हुए हैं। पुलिस ने अभी तो मिले टोटल 3 शवों में से दो की शिनाख्त कर चुकी है। जबकि तीसरी की शिनाख्त की जा रही है। इसमें प्रारंभिक तौर पर जो तथ्य सामने आया है उसमें कल मृत मिले व्यक्ति का दूसरे कमरे में मिली मृत महिला के साथ अवैध संबंध थे। एक और आदमी मृत पाया गया है उसकी जांच कर रही है। इसमें विभिन्न टीमें बनाकर पूरी कार्रवाई चल रही हैं। चूंकि बॉडी काफी सड़ चुकी हैं, इसलिए फिलहाल डॉक्टरों बता नहीं पा रहे हैं कि मौत कैसे हुई है। कल जो बॉडी मिली थी उसमें कोई चोट डॉक्टर नहीं बताई है। बॉडी तीन-चार दिन पहले की लग रही है।

# राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का विवाद अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, समयबद्ध जांच कराए जाने की मांग..

डेस्क जगप्रेरणा।

*उत्तर प्रदेश के अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का विवाद अब सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है।*



याचिका में मांग की गई है कि राम जन्मभूमि ट्रस्ट से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया जाए। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में तुरंत एक FIR दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है। कोर्ट से यह अपील की गई है कि CBI-SIT को एक निश्चित समय सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता के साथ जांच करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि यह साफहो सके कि दान के फंड में कोई हेराफेरी, गबन या भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं।

## दो वकीलों ने दायर की याचिका..

यह याचिका वकील अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव द्वारा दायर की गई है। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि वह केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और ट्रस्ट को एक ऐसी मजबूत नियामक, पर्यवेक्षी और ऑडिट प्रणाली बनाने का निर्देश दे, जिससे जनता और लाखों श्रद्धालुओं का भरोसा बना रहे।

## 'बिना FIR ही जांच शुरू कर दी'..

याचिका में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई मौजूदा SIT ने बिना किसी FIR या नियमित आपराधिक मामले के ही जांच शुरू कर दी है। प्रशासनिक अधिकारियों वाली इस एसआईटी के पास जटिल वित्तीय और आपराधिक मामलों को संभालने की विशेष योग्यता नहीं हो सकती। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि इस मामले की जांच एक ऐसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जानी चाहिए जिसके पास जटिल वित्तीय घोटालों से निपटने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता, संसाधन और संस्थागत तंत्र मौजूद हों, ताकि जनता का भरोसा कायम रहे।

याचिका में कहा गया है, 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़ी रकम गायब होने और दूसरी कथित अनियमितताओं की रिपोर्ट सच साबित हों या न हों, लेकिन ऐसी रिपोर्ट ने उन पीढ़ियों के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है, जिन्होंने अयोध्या की शान को फिर से बहाल करने के लिए संघर्ष किया था।'

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*

# दर्शनशास्त्र में पीएचडी उपाधि प्राप्त कर डॉ. गीतेश पटले ने बढ़ाया बालाघाट का गौरव..

जगप्रेरणा बालाघाट।

*रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36 वे दीक्षांत समारोह मे गीतेश पटेल ने दर्शनशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की, विश्वविद्यालय के इस गरिमामय कार्यक्रम में भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, मध्य प्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल,*




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री इंद्र सिंह परमार विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉक्टर राजेश कुमार वर्मा, लोकसभा और राज्यसभा सांसद विधायक गण , विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलगुरु ,शिक्षा विभाग के अधिकारी गण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे डॉक्टर गीतेश पटले ने दर्शनशास्त्र में महात्मा गांधी और बी.आर.अंबेडकर के विचारों का तुलनात्मक अध्ययन शीर्षक पर शोध कार्य किया है यहां यह उल्लेखनीय है कि डॉक्टर गीतेश पटले को सन 2010 में एम. ए. दर्शनशास्त्र में विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए दो स्वर्ण पदको से महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जा चुका हैं आप एमफिल और नेट जेआरएफ परीक्षा भी उत्तीर्ण है, वर्तमान में शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में दर्शनशास्त्र विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं डॉक्टर गीतेश पटले ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता श्रीमती इंद्रकला पटले, पिता के. एल. पटले, पत्नी श्रीमती रामेश्वरी पटले, अपने भाई बहन ,परिवार, संबंधियों और मित्र मंडली को देते हैं दो जितेश पतले को डॉक्टर उपाधि मिलने के उपलक्ष में डॉ.ताराचंद बड़घैया, वेंकट राव रंगारे, खिलेश्वर ठाकरे, महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक और मित्र गणों ने बधाइयां प्रेषित की है

# नियमित योगाभ्यास से मिलती है शारीरिक मानसिक शांति..



## गायत्री शक्ति पीठ में हुआ योग दिवस..

**जगप्रेरणा लांजी।**

प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी नगर के बस स्टैंड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 12वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। शक्तिपीठ के पुरोहित विनोद तिडके ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री सभाकक्ष में सस्वर गायत्री मंत्र जप से हुई। इसके बाद भजन 'यह शक्ति हमें दो दयानिधे' के गायन के साथ सभी सहभागियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

योग प्रशिक्षक एवं ट्रस्टी पूरनलाल जैतवार तथा व्यवस्थापक श्यामलाल पांडे ने योगासन एवं प्राणायाम का संचालन किया। कार्यक्रम में जप-ध्यान के साथ ही विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवीन शिवणकर, युग्नेश विजयवार, सेवकराम ठाकरे, टी.एल. कटरे, धनीराम सोनवाने, सालिकराम रामटेककर, प्रखर विजयवार, पार्थ विजयवार, लोकराम भोंडेककर, श्रीमती प्रमिला तिडके, रोहिणी तिडके, खुशी दहीकर आदि उपस्थित रहे। शक्तिपीठ प्रबंधन ने सभी योग प्रेमियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है।

# 6 साल के बच्चे को कुत्ते ने काटा
# बचाने के लिए पहली मंजिल से कूदा भाई, डंडे से पीट-पीटकर मार डाला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*केरलम के मल्लप्पुरम में एक स्ट्रीट डॉग ने 6 साल के लड़के पर अचनाक हमला कर दिया। बड़े भाई ने घर की पहली मंजिल से नीचे कूद कर छोटे भाई को बचाया। साथ ही कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला। इस कुत्ते ने मात्र कुछ ही मिनटों में एक नहीं कुल 3 लोगों पर हमला किया और काटा था।*

## बच्चे की चीख सुनकर पहली मंजिल से कूदा भाई..

दरअसल, छोटा भाई घर के बाहर खड़ा था, तभी अचानक एक स्ट्रीट डॉग उसे काटने के लिए दौड़ा। बड़ा भाई घर की पहली मंजिल पर था। बच्चे की चीख सुनकर वो पहली मंजिल से नीचे कूद गया और बच्चे को बचा लिया।

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना..

जिले के चंगारमकुलम आलमकोड में हुई ये घटना वहां लगे CCTV में कैद हो गई। बच्चा अपने घर के सामने खड़ा था। तभी डॉग उसकी तरफभागा, जैसे ही बच्चे के भाई ने यह देखा। वह घर की पहली मंजिल से नीचे कूदा और किसी तरह बच्चे को बचाया।

## डंडे से मार कर कुत्ते को किया बेहोश..

इस बीच उनकी मां भी अंदर से दौड़कर आई और वहां मौजूद एक और छोटे बच्चे को सेफकर लिया। कुत्ते को भगाने की कोशिश के दौरान उसने भाई को भी काट लिया। डंडे की मार से डॉग बेहोश हो गया।

## एक अन्य व्यक्ति पर भी कुत्ते ने किया हमला..

कुछ मिनट में कुत्ते को होश आ गया और उसने वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति पर हमला कर दिया। बाद में दोनों ने मिलकर इस डॉग को पीट-पीटकर मार डाला। इस घटना का वीडियो भी जारी किया गया है।

## इलाके में कई लोगों को काट रहे आवारा कुत्ते

स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में आवारा कुत्ते बहुत बड़ी समस्या हैं। हर रोज स्ट्रीट डॉग किसी न किसी पर हमला करके बुरी तरह से काट लेते हैं। लोकल प्रशासन इस मामले में पूरी तरह बेपरवाह है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। 6 साल के बच्चे के काटने के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। हर कोई आवारा कुत्तों से डर रहा है।

# तनाव मुक्त जीवन शैली के लिए योग एक सशक्त माध्यम..

## स शि म के प्रागण में मनाया विश्व योग दिवस..

जगप्रेरणा लांजी।

*जन अभियान परिषद बालाघाट के निर्देशन में 21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी के द्वारा 21 जून को प्रात: 6 बजे, लांजी के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया।*





सर्वप्रथम संधि योग, प्रणायाम, तत्पश्चात सूर्य नमस्कार किया गया। जिसमें नगर के टी सी बिहोने (से.नि.शि.), रमेश वाकले, अमित हेजिब, डॉ दुर्गेश तिडके, अरूण आसटकर एवं नगर के छात्र/छात्राओ ने योग के इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप समिति से नरेश आसटकर (अध्यक्ष), मुकेश आसटकर (सदस्य) व कार्यक्रम समंवयक व योग प्रशिक्षक रमेश आसटकर द्वारा सम्पूर्ण योग कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया।

# विद्या भारती बाल भाऊ देवरस विद्याल में मनाया योग दिवस..



**जगप्रेरणा लांजी।**

विद्याभारती बाल भाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर आवासीय विद्यालय कारंजा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों एवं आचार्य परिवार ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योगाचार्य चन्नीलाल बोपचे द्वारा योग के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योग आसन, प्राणायाम, मुद्रा एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा नियमित योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष लालाराम नंदनवार, व्यवस्थापक सचिन अग्रवाल एवं आयुष विभाग से सुरेश चुटे ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं आचार्य परिवार को योग दिवस के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने योग को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार की गरिमामय उपस्थिति रही।







# प्रो लीग के लंदन चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लय बरकरार रखने उतरेगा भारत..

लंदन, (भाषा)।

***ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफरोमांचक जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को एफआईएच प्रो लीग के लंदन चरण के शुरुआती मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ इसी लय को बनाए रखने की कोशिश करेगी।***



भारत और पाकिस्तान 2024 में चीन के हुलुनबुइर में हुए एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले के बाद पहली बार एक-दूसरे का सामना करेंगे। उस मैच में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की बदौलत भारत ने 2-1 से जीत हासिल की थी।

भारत ने रोटरडम में चार में से दो मैच जीते। उन्होंने रविवार को रोटरडम चरण के आखिरी मैच में मेजबान और दुनिया की दूसरे नंबर की टीम नीदरलैंड को 3-2 से हराया। भारत को दूसरी जीत (3-1) मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफमिली।

अन्य दो मैच में भारत को नीदरलैंड के खिलाफ2-3 जबकि जर्मनी के खिलाफ1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम के लिए नीदरलैंड चरण का अनुभव बहुमूल्य रहा है। टीम इस टूर्नामेंट का इस्तेमाल इस साल होने वाली दो बड़ी प्रतियोगिताओं एफआईएच विश्व कप और एशियाई खेलों (जो ओलंपिक क्वालीफायर भी है) से पहले अपनी कमियों को श्सुधारने के लिए कर रही है

नौ टीम वाली प्रो लीग तालिका में भारत अभी आठवें नंबर पर है। वे अपने अगले प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से आगे हैं जिसने टूर्नामेंट में अब तक एक भी अंक हासिल नहीं किया है। भारत का अगला मुकाबला बृहस्पतिवार को इंग्लैंड से होगा और फिर शुक्रवार को वे अपने दूसरे चरण के मैच में फिर से पाकिस्तान का सामना करेंगे।

दो जीत और दो हार के साथ भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के घरेलू चरण के मुकाबले यूरोपीय चरण में अब तक काफी बेहतर खेल दिखाया है। घरेलू चरण में भारत चार मैच में एक भी जीत हासिल नहीं कर पाया था।

घरेलू चरण के दौरान भारत ने चार मैच में 19 गोल खाए और सिर्फपांच गोल किए।

इसे देखते हुए भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन यूरोपीई चरण मे अपनी टीम के प्रदर्शन से काफी संतुष्ट होंगे जहां उन्होंने बेहतर रैंकिंग वाली टीमों को कड़ी टक्कर दी।

लेकिन मंगलवार के मैच में भारतीय खिलाड़ियों को अपनी भावनाओं पर काबू रखना होगा क्योंकि भारत-पाकिस्तान का कोई भी मुकाबला बहुत तनावपूर्ण होता है और दोनों देशों के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव को देखते हुए इसमें दोनों देशों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी होती है। कोच फुल्टन के लिए ये सभी मैच विश्व कप और एशियाई खेलों के लिए एक मजबूत टीम तैयार करने के मकसद से अपने संसाधनों और बेंच स्ट्रेंथ को परखने का एक जरिया हैं।

फुल्टन ने कहा ,''नीदरलैंड चरण में हमने अच्छा प्रदर्शन देखा । हमने तैयारी पर काफी मेहनत की थी और प्रदर्शन में निरंतरता देखकर अच्छा लग रहा है।''

पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर उन्होंने कहा ,'' हमारे लिये यह जरूरी है कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच को बाकी मैचों की तरह ही देखें । यदि ऐसा कर सके तो नतीजा खुद ब खुद पक्ष में रहेगा।'' लेकिन मैच के आखिर में गोल खाना भारत के लिए एक समस्या बनी हुई है। नीदरलैंड के खिलाफ 3-1 से आगे होने के बावजूद उन्होंने 59वें मिनट में एक गोल खा लिया जिससे मैच का नतीजा करीबी रहा।

हरमनप्रीत, जुगराज सिंह और राजिंदर सिंह जैसे खिलाड़ियों की मौजूदगी से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलना भारत की ताकत रही है लेकिन फुल्टन अपनी अग्रिम पंक्ति से अधिक मैदानी गोल की उम्मीद करेंगे जिसमें मनदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ी शामिल हैं।

भारत के सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, उप कप्तान हार्दिक सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने मिडफील्ड को बहुत अच्छे से संभाला है लेकिन रक्षापंक्ति को अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है।

दूसरी ओर पाकिस्तान के लिए प्रो लीग का सत्र बहुत खराब रहा है। वे जर्मनी, नीदरलैंड, बेल्जियम और स्पेन के खिलाफ अपने सभी 11 मैच हार गए हैं और अब उन पर प्रतियोगिता के शीर्ष टियर से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

पहले से ही खराब प्रदर्शन से जूझ रही पाकिस्तान टीम के लिए वीजा की दिक्कतों के कारण इंग्लैंड में होने वाले टूर्नामेंट के आखिरी चरण में नियमित कप्तान अम्माद शकील बट और शायद मुख्य कोच मंजूर उल हसन की मौजूदगी पर भी अनिश्चितता बनी हुई है।

खबरों के मुताबिक पाकिस्तान की रक्षापंक्ति के अहम खिलाड़ी शकील को वीजा नहीं मिला क्योंकि वह पहले क्लब हॉकी खेलते समय इंग्लैंड में तय समय से अधिक रुके थे।

# जेम्स कोल्स भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की टीम में..

लंदन, (भाषा)।

***इंग्लैंड ने तीन बार के विश्व चैंपियन भारत के खिलाफअगले महीने शुरू होने वाली पांच मैच की श्रृंखला के लिए सोमवार को 17 सदस्यीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की घोषणा की जिसमें ऑलराउंडर जेम्स कोल्स को शामिल किया गया है। कोल्स को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार है।***



कप्तान हैरी ब्रूक को कम समय में ही अलग प्रारूप के लिए तैयार होना होगा क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरा और आखिरी टेस्ट 25 से 29 जून तक नॉटिंघम में खेला जाएगा। इंग्लैंड श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली भारतीय टीम की पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए मेजबानी करेगा जिसका पहला मैच एक जुलाई को चेस्टर ली स्ट्रीट में खेला जाएगा।

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकट बोर्ड (ईसीबी) ने टी20 श्रृंखला के उन मुकाबलों का समय एक घंटा पहले कर दिया था जो दूधिया रोशनी में खेले जाने थे। टीवी पर अधिक दर्शक मिलने की उम्मीद में ऐसा किया गया है।

इस तरह पहला, तीसरा और चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भारतीय समयानुसार रात 10 बजे शुरू होंगे जबकि दूसरा और पांचवां मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे खेला जाएगा। इंग्लैंड की यह टीम काफी हद तक वैसी ही है जैसी इस साल मार्च में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफखेली थी। दूसरा टी20 अंतराष्ट्रीय मैच चार जुलाई को मैनचेस्टर में खेला जाएगा जबकि तीसरा मैच सात जुलाई को नॉटिंघम में होगा। चौथा और पांचवां मैच क्रमशः नौ और 11 जुलाई को ब्रिस्टल और साउथम्पटन में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज और इंग्लैंड की पुरुष टीम के मौजूदा राष्ट्रीय चयनकर्ता मार्कस नॉर्थ ने कहा, ''जेम्स कोल्स एक शानदार खिलाड़ी हैं और उन्होंने इंग्लैंड लायंस के साथ-साथ देश-विदेश में टी20 प्रतियोगिताओं में अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर टीम में जगह बनाई है।''

### टीम इस प्रकार है:

हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, सोनी बेकर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, फिल सॉल्ट, जेम्स कोल्स, जोर्डन कॉक्स, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, साकिब महमूद, आदिल राशिद, जोश टोंग और ल्यूक वुड।

# क्रिकेट के फेडरर हैं धोनी, कोहली की तुलना अल्कारेज से हो सकती है: सैमसन

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विंबलडन से पहले क्रिकेट और टेनिस के बीच समानता पर बात करते हुए भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तुलना टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर से***



की और विराट कोहली के आक्रामक अंदाज की तुलना स्पेन के स्टार कार्लोस अल्कारेज से की। दुनिया के बेहतरीन टेनिस स्टार विंबलडन के लिए तैयार हो रहे हैं और ऐसे में सैमसन ने टेनिस और क्रिकेट के दिग्गजों के बीच तुलना की।

सैमसन ने 'जियो स्टार' से कहा, ''क्रिकेट के रोजर फेडरर? वह महेंद्र सिंह धोनी ही हो सकते हैं। वह अपने काम को बहुत शांत और संयमित तरीके से करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''दूसरी ओर कार्लोस अल्कारेज बहुत आक्रामक हैं। ठीक वैसे ही जैसे विराट भाई ने शुरुआत की थी। शायद विराट कोहली की तुलना अल्कारेज से की जा सकती है।''

भारत की महिला टीम ने अपना पहला एकदिवसीय विश्व कप जीतकर इतिहास रखा था और इसके कुछ ही महीनों बाद पुरुष टीम ने घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीता। टी20 विश्व कप में लगातार तीन मैच में 50 से अधिक रन बनाने वाले सैमसन को भारत की खिताबी जीत के दौरान टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया और उन्होंने कहा कि महिला टीम की कामयाबी ने पुरुषों को प्रेरित किया।

सैमसन ने कहा, ''हम सभी फाइनल देख रहे थे। मेरे परिवार के सदस्य और बाकी सभी लोग टीवी से चिपके हुए थे। यह देश में हम सभी के लिए एक खास पल था। हम लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे।''

उन्होंने कहा, ''हमें पता था कि हम विश्व कप जीतने में सक्षम हैं। मैं टीम की सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत खुश था। इसके पीछे बहुत मेहनत थी। यह हम सभी के लिए गर्व का पल था।''

सैमसन ने कहा, ''मुझे लगता है कि हमारे लिए बहुत ऊंचे मानक तय किए गए थे। उन्होंने विश्व कप जीता और हमें ऐसे मुकाम पर पहुंचाया जहां हमें लगा कि हम भी भारत में ऐसा ही कर सकते हैं। यह बहुत शानदार पल था कि दोनों विश्व कप भारत में हुए और हमने उन्हें जीता।'' भारतीय महिला टीम अभी इंग्लैंड में टी20 विश्व कप खेल रही है और उसका अगला मुकाबला छह बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा।

# टीम की एकजुटता और ड्रेसिंग रूम का अच्छा माहौल सफलता की कुंजी : सविता

नई दिल्ली, (भाषा)।

***एफआईएच नेशंस कप में मिली खिताबी जीत को विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले महत्वपूर्ण बताते हुए भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया ने इसका श्रेय ड्रेसिंग रूम के शानदार माहौल को देते हुए कहा कि एकजुट होकर खेलने पर यह टीम किसी से कम नहीं है।***

भारत ने रविवार को ऑकलैंड में मेजबान न्यूज़ीलैंड को 2-0 से हराकर एफआईएच महिला नेशंस कप खिताब जीता और एफआईएच महिला प्रो लीग में वापसी की जिससे पिछले सत्र के खराब प्रदर्शन के बाद टीम बाहर हो गई थी ।

भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली सबसे अनुभवी खिलाड़ी सविता ने आकलैंड से भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' यह जीत काफी अहम है क्योंकि अगर हमें विश्व में सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ खेलना है तो प्रो लीग में होना बहुत जरूरी है । इसके अलावा इस साल विश्व कप और एशियाई खेल होने हैं लिहाजा यह जीत हमारे लिये मनोबल बढाने का काम करेगी ।''

उन्होंने यह भी कहा कि एक ईकाई के रूप में खेलने पर यह टीम किसी को भी हराने का दम रखती है और सबसे सीनियर होने के नाते उनका प्रयास रहता है कि टीम एकजुट रहे ।

भारत लौटने के बाद मंगलवार को पद्मश्री सम्मान लेने जा रही सविता ने कहा ,'' सबसे सीनियर और अनुभवी खिलाड़ी होने के नाते मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि मैदान के भीतर और बाहर अपनी टीम को एकजुट रखूं। मेरा मानना है कि अगर हम एकजुट रहेंगे तो एक टीम के रूप में हम किसी से कम नहीं है।''

उन्होंने कहा ,'' इस टूर्नामेंट में पूरी टीम बहुत अच्छा खेली । बिछू (दूसरी गोलकीपर) और मैं मिलकर एक दूसरे को सहयोग करते हैं जो टीम के माहौल के लिये काफी जरूरी है। बिछू बहुत अच्छा खेल रही है और मैं जितना संभव हो सके, उसका मार्गदर्शन करती हूं ।''

तोक्यो ओलंपिक 2020 में टीम को ऐतिहासिक चौथे स्थान तक ले जाने वाले कोच शोर्ड मारिन की तारीफकरते हुए सविता ने कहा कि वह तब भी सर्वश्रेष्ठ थे और आज भी ।

उन्होंने कहा ,'' कोच शोर्ड पहले भी हमारे लिये सर्वश्रेष्ठ थे और आज भी । उनका टीम पर भरोसा, अच्छे प्रदर्शन की मांग और जीत की मानसिकता रखना ये सब टीम को और भी मजबूत बनाता है । वे हर खिलाड़ी के साथ समान व्यवहार करते हैं जो टीम के माहौल के लिये बहुत जरूरी है।''

मारिन ने इसी साल महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में वापसी की है। सविता ने कहा कि टीम का लक्ष्य विश्व कप में पोडियम पर रहना और एशियाई खेलों के जरिये लॉस एंजिलिस ओलंपिक में जगह बनाना है ।

उन्होंने कहा ,''विश्व कप में भी हम यही कोशिश करेंगे कि एक टीम के रूप में खेलकर पोडियम फिनिश करें । यह टीम काफी मेहनत कर रही है । एशियाई खेलों में भी हमारा लक्ष्य



लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिये सरधे क्वालीफाई करने का होगा।''

उन्होंने कहा ,'' हमारा पेनल्टी कॉर्नर आक्रमण अच्छा है जिसे जारी रखना है और पेनल्टी कॉर्नर बचाव पर भी काम करना है । हमारी आक्रामक हॉकी अच्छी चल रही है लेकिन नतीजे और बेहतर करने हैं।''

हरियाणा की इस खिलाड़ी ने आगे कहा ,'' मैं काफी समय से भारतीय टीम में हूं और इस टीम में सीनियर और युवा खिलाड़ियों का अच्छा समूह है । सहयोगी स्टाफ भी बहुत अच्छा है और हम सब मिलकर इस टीम को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा ,''कोचिंग स्टाफमें मथियास विला (विश्लेषण कोच) का भी अहम रोल है। वह टीम के ढांचे और आक्रमण पर काफी करवाते हैं जिससे प्रदर्शन बेहतर होता है । वहीं आधुनिक हॉकी में फिटनेस की भूमिका सभी को पता है जिसमें वेन लोम्बार्ड (स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच) का बड़ा योगदान है ।''

सविता ने कहा,'' वेन के साथ ट्रेनर रोडेट और कियारा दोनों काफी अच्छा काम कर रहे हैं। इनके आने के बाद से फिटनेस का स्तर काफी बेहतर हुआ है। फिटनेस और रिहैब पर लगातार काम हो रहा है। ड्रैग फ्लिक कोच ताइके ताकेमा के आने से भी काफी मदद मिली है।''

इस जीत के बाद सविता को इंतजार है राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री सम्मान मिलने का जिसका इंतजार उनका परिवार बरसों से कर रहा था। उन्होंने कहा ,'' पद्मश्री दो समूह में होता है और मेरा नाम 23 जून वाले दूसरे ग्रुप में है तो मैं पुरस्कार लेने जा सकती हूं। मेरे परिवार के लिये यह खास पल है जिन्हें बहुत समय से इसका इंतजार था। मैं खुश हूं कि आखिर अपने परिवार को यह मौका दिया।''

भविष्य की योजना के बारे में उन्होंने कहा कि सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों के बाद वह फैसला लेंगी।

उन्होंने कहा ,'' अभी विश्व कप और एशियाई खेलों पर फोकस है। उसके बाद देखते हैं कि आगे का सफर कैसा रहता है।''

अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत कर रही सविता ने कहा ,''मेरी उम्र 36 के आसपास हो गई है और फिटनेस को बनाये रखने के लिये मानसिक दृढता बहुत जरूरी है । कड़े अभ्यास के बाद रिकवरी और डाइट पर बहुत ध्यान रखना पड़ता है। फुटवर्क और दमखम पर भी बहुत काम करते हैं।''

# प्रीतम ने 10 मीटर एयर राइफल में जूनियर विश्व खिताब जीता..

सुहल (जर्मनी), (भाषा)।

भारत के युवा निशानेबाज प्रीतम केंद्रे ने अपने कौशल और एकाग्रता का शानदार नमूना पेश करते हुए रविवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।



भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता, जिससे उसके पदकों की कुल संख्या 11 हो गई। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं।

अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग ले रहे 16 वर्षीय प्रीतम ने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 251.3 का स्कोर बनाकर तटस्थ खिलाड़ी टिमोफेई एलेनिकॉव और नॉर्वे के जेन्स ओस्टली को पीछे छोड़ते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। पुणे के इस निशानेबाज ने हाल ही में अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

प्रीतम ने कहा, ''मैं स्वर्ण पदक जीत कर बेहद खुश हूं। प्रतियोगिता के दौरान मेरा पूरा ध्यान अपनी तकनीक और प्रत्येक शॉट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था।

उन्होंने कहा, ''विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। मैं 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में लगातार सुधार करना चाहता हूं और देश के लिए लगातार पदक जीतना चाहता हूं।''

प्रीतम और उनके साथी पीयूष शर्मा क्वालीफाइंग राउंड में क्रमशः 628.2 और 629.0 का स्कोर बनाकर क्रमशः तीसरे और पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे थे।

प्रीतम दूसरी सीरीज के बाद छठे स्थान पर थे, जबकि पीयूष ने बढ़त बना ली थी। प्रीतम ने हालांकि इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया। पीयूष ने भी पदक की उम्मीद बनाए रखी थी लेकिन वह चौथे एलिमिनेशन राउंड के बाद शीर्ष तीन में जगह बनाने से सिर्फ0.1 अंक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे।

प्रीतम ने इसके बाद भी एकाग्रता बनाए रखी और आखिर में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

भारतीय पुरुष टीम हालांकि रैंकिंग में जगह नहीं बना पाई क्योंकि टीम के तीसरे सदस्य अभिनव साव को अयोग्य घोषित कर दिया गया। उनके उपकरण आईएसएसएफके मानकों पर खरे नहीं उतरे थे।

भारत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में अंजलि भागवत, परिशा गुप्ता और निथिला क्रिस्टोफर के संयुक्त प्रयास से कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने कुल मिलाकर 1713 अंक बनाए।

अंजलि इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचने वाली एकमात्र भारतीय निशानेबाज थीं। उन्होंने 577 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहते हुए क्वालीफाई किया। फाइनल में हालांकि वह छठा स्थान ही हासिल कर पाई।

# सुथार ने काउंटी मैच में सात विकेट चटकाए

टांटन, (भाषा)।

भारत के उभरते हुए स्पिनर मानव सुथार ने समरसेट के खिलाफइंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप मैच में वॉरविकशर के लिए पारी में पांच विकेट सहित मैच में सात विकेट चटकाए।

वॉरविकशर के साथ दो काउंटी मैच खेलने के लिए अनुबंध करने वाले सुथार ने समरसेट की दूसरी पारी में 46.5 ओवर में 100 रन पर पांच विकेट चटकाने सहित मैच में सात विकेट हासिल किए। पहली पारी में सुथार ने 18 ओवर में 50 रन देकर दो विकेट हासिल किए थे। उन्होंने यॉर्कशर के खिलाफ काउंटी क्रिकेट में पदार्पण करते हुए चार विकेट (दोनों पारियों में दो-दो विकेट) लिए थे।

इस महीने की शुरुआत में अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करते हुए 10 विकेट हासिल करने वाले सुथार को टेस्ट प्रारूप में भारत का भविष्य माना जा रहा है। उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में अपने संक्षिप्त अभियान का अंत दो मैच में 11 विकेट के साथ किया।



टांटन में मौजूदा मैच में समरसेट की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट ऑलराउंडर ब्यु वेबस्टर (23 रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 208 रन पर सिमट गई। सुथार ने पहली पारी में दोनों पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट किया।

वॉरविकशर ने इसके जवाब में पहली पारी में 330 रन बनाए। सुथार ने 28 रन का योगदान दिया। उन्होंने पहले मैच में भी 33 और 37 रन की पारियां खेली थीं। पिच के बल्लेबाजी के लिए आसान होने पर समरसेट ने दूसरी पारी में 435 रन बनाए।

सुथार ने तीन विकेट जल्दी चटकाकर समरसेट का स्कोर छह विकेट पर 148 रन कर दिया था लेकिन टीम वापसी करने में सफल रही। वॉरविकशर को जीत के लिए 314 रन की दरकार है और उसने दो विकेट पर 34 रन बना लिए हैं।


## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)




दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी : राष्ट्र के चरमोत्कर्ष की यज्ञवेदी पर प्राणोत्सर्ग

डां श्यामाप्रसाद मुखर्जी ऐसे महान देशभक्त थे जिन्होंने राष्ट्र के चरमोत्कर्ष, एकता और अखण्डता की यज्ञवेदी पर अपना प्राणोत्सर्ग कर दिया। वह एक साथ ही शिक्षाविद्, लेखक, सासंद, राजनीतिज्ञ और मानवतावादी कट्टर देशभक्त थे। इन्होंने विद्याध्ययन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की और शीध्र ही एक प्रख्यात शिक्षाविद् और प्रशासक के रूप में प्रतिष्ठित हो गए। उनकी इस उपलब्धि को मान्यता उस समय प्राप्त हुई जब 1934 में कलकत्ता विश्विद्यालय के कुलपति नियुक्त होने वालों में वह सबसे कम आयु के थे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्वतंत्र भारत के निर्माताओं में से थे।

उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। वे उन नेताओं में से थे, जो खुद आगे आकर जोखिम झेलते हैं। उनके लिए भारत प्रथम था और भारत की अखण्डता और वैभव ही प्रमुख लक्ष्य। जान दे दी, पर कश्मीर जाने नहीं दिया। मंत्रीमंडल को ठोकर मार दी, लेकिन सिंद्धातों से समझौता नहीं किया। हॉ, मैं हिन्दू हूॅ इस देश का राष्ट्रत्व हिन्दू हैं। यह अटल सत्य हैं, पर इसका अर्थ यह नहीं कि हिन्दू किसी दूसरे मजहब या उपासना पद्धति के विरूद्ध हैं। ऐसा होता तो इतिहास ही कुछ और होता। कश्मीर हर हिन्दुस्तानी का हैं। हर दिल में कश्मीर के लिए दर्द उठना चाहिए जो हनीफुद्दीन और अजय आहूजा के दिलों में उठा।

डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन और अपने बलिदान, दोनों से ही इस देश को प्राण दिए। उनके लिए भारतीय होने का अर्थ राजनीति के कपट जाल में फॅसना नहीं, वरन् उस कपट जाल को तोडना था। बहुत कम लोगों को यह जानकारी होगी कि आज जो पंजाब और बंगाल का हिस्सा भारत में दिखता हैं, उसके पीछे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखजी का जुझारूपन और आंदोलन मुख्य कारण रहे हैं। डॉ. मुखर्जी के वह शब्द इतिहास में प्रसिद्ध हैं, जब उन्होंने कहा था, ‘ कांग्रेस ने हिन्दुस्तान का बॅटवारा किया और मैंने पाकिस्तान का।’ इस देश का दुर्भाग्य रहा कि स्वतंत्र, किन्तु खंडित भारत की कमान उस व्यक्ति के हाथों में सौंपी गई, जिसे भारतीयता किवां हिन्दुत्व से चिढ थी और स्वयं को देश का अंतिम ब्रिटिश शासक कहलाने में गर्व का अनुभव करता था।



श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने देखा कि विभाजन की भीषण त्रासदी झेलकर जो हिन्दु भारत पहॅुच रहे हैं और जो पाकिस्तान में रह गए हैं, उनके प्रति पंडित नेहरू बेहद उपेक्षपूर्ण और बहुत हदतक निर्मम नीति अपना रहे हैं। इस बिन्दु पर सरदार पटेल और पं. नेहरू में गम्भीर मतभेद पैदा हो गए थे। सरदार पटेल तो यहॉ तक चाहते थे कि पूर्वी पाकिस्तान से कुछ जमीन ले लेनी चाहिए। भले ही इसके लिए सशस्त्र पुलिस कार्यवाही ही क्यों न करनी पडे पं. नेहरू ने लियाकत अली से समझौताकर हिन्दुओं के भविष्य को पूरी तरह पाकिस्तानी दरिन्दों के हाथों में छोड दिया। यह देखकर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आगबबूला हो उठे और उन्होंने उद्योग तथा आपूर्ति मंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया। अपना त्यागपत्र देते समय उन्होंने इसके पीछे के कारणों का विस्तार से उल्लेख किया जो आज भी ऐतिहासिक तथा प्रेरणप्रद एक दस्तावेज के रूप में माना जाता हैं।

संकल्पित, मंत्रीमण्डल से त्यागपत्र देने के बाद डॉ. मुखर्जी ने संसद में प्रतिपक्ष की भूमिका निभाने का निश्चय किया। लेकिन वह जल्दी ही समझ गए कि प्रतिपक्ष की प्रभावी भूमिका निभाने के लिए संगठित पार्टी बनाना जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से वह प्रतिपक्ष के राजनीतिक मंच के गठन की संभावनाओं को तलाशने की ओर अग्रसर हुए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी किसी सशक्त व्यक्तित्व के नेतृत्व में राजनीतिक दल प्रारंभ किए जाने की जरूरत महसूस कर रहा था। डॉ. मुखर्जी और स्वयंसेवक संघ दोनों ही जिस बात की आवश्यकता अनुभव कर रहे थे। वह समान थी और इसी में से अक्टूबर, 1951 में भारतीय जनसंघ का उद्भव हुआ जिसके संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मुखर्जी थे।

डॉ. मुखर्जी को अपने जीवन में बडी चुनौती का समना दो वर्ष बाद 1953 में करना पडा। जम्मू और कश्मीर में शेख अब्दुल्ला की पृथकतावादी राजनीतिक गतिविधियों से उभरी अलगाववादी प्रवृत्यिां 1952 तक बल पकडने लगी थीं, जिससे राष्ट्रीय मानस विक्षुब्ध हो उठा। डॉ. मुखर्जी ने प्रजा परिषद् के सत्याग्रह को पूर्ण दिया जिसका उद्देष्य जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना था। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झण्डा था, अलग संविधान था और वहां का मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कहलाता था।

डॉ. मुखर्जी ने जोरदार नारा बुलन्द किया था: ‘‘ एक देश में दो निशान, एक देश में दो प्रधान, एक देश में दो विधान, नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे। अगस्त 1952 में जम्मू की विशाल रैली में उन्होंने अपना संकल्प व्यक्त किया: या तो मैं आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा या फिर उद्देश्य की पूर्ति के लिए अपना जीवन बलिदान कर दूंगा।’’ अपने संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने नई दिल्ली में नेहरू सरकार और श्रीनगर में शेख अब्दुला की सरकार को चुनौती देने का निश्चय किया और पं. नेहरू से कहा कि वे जम्मू जरूर जाएंगे और बिना ‘परमिट’ के जाएंगे।

बलिवेदी, 11 मई को रावी पर करते समय ही लखनपुर में डॉ. मुखर्जी को गिरफ्तार कर श्रीनगर जेल ले जाया गया। 40 दिन तक न उन्हें चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई और न अन्य बुनियादी सुविधाएं दी गई। भारत का यह शेर श्रीनगर की जेल में रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को चिरनिद्रा में सोया गया। श्रद्धांजलि स्वरूप नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 और 35 ए द्वारा दिए गए विशेष दर्जे को हटाने के लिए संसद ने 5 अगस्त, 2019 को मंजूरी दी। यह ऐतिहासिक भूल को ठीक करने वाला ऐतिहासिक कदम था।

लेखक



हेमेन्द्र क्षीरसागर,
पत्रकार व लेखक,

## पिता..

पिता
पीता है
पी पीकर जीता है
जिम्मेदारियाँ....!
घर,परिवार की
दफ्तर की
समाज की
अपने
सपनों के संसार की..

पिता
डाँटता,फटकारता है
प्यार से पुचकारता है
जीवन सँवारता है
बलि बलि जाता है
अपनी संतान पर
गर्वित होता है
होनहार संतान से
उसे मिलने वाली
एक नयी पहचान पर

पिता
उम्मीद की धरा पर
बच्चों का
भविष्य बोता है
पिता वह कृषक है
जो अपनी फसल को
लहलहाते देख
खुश होता है
किंतु,
जब अपनी ही फसलें
धोखा दे जाती है
तो वह पिता
पीता है
घूँट घूँट निराशा
शेष जीवन की आशा..।

रचनाकार



शशि तिवारी,
गोंदिया (महाराष्ट्र)

## मोबाइल महाराज..

मोबाइल जी के ठाठ निराले,
घर में इनके चर्चे वाले।
सुबह उठते ही दर्शन होते,
फिर दिन भर ये संग ही सोते।

मम्मी बोली, ‘दूध तो पी लो!’
बेटा बोला, ‘रील तो जी लो!’
पापा बोले, ‘पढ़ भी लेना!’
बोला, ‘पहले गेम तो खेलना!’

खाना आया गर्म-गर्म सा,
फोटो खींचा सबसे पहले सा।
दाल ठंडी, रोटी सख्त हुई,
लेकिन पोस्ट बड़ी जबरदस्त हुई।

दादी बोली, ‘बेटा सुनना!’
बोला, ‘नेट है, बाद में गुनना!’
दादा जी ने किस्सा खोला,
वो तब तक मीम्स में था डोला।

चार्जर इसका सच्चा साथी,
बिन उसके लगती है व्यथा ही।
बैटरी जब दस पर आती,
सांस अटक सी सबकी जाती।

एक दिन मोबाइल रूठ गया,
अचानक पूरा घर छूट गया।
सबने आपस में बात बनाई,
हँसी-खुशी की महफ़िल सजाई।

तब जाकर ये राज़ खुला था,
सुख तो घर में पहले से मिला था।
मोबाइल अच्छा है, ये माना,
पर उससे बढ़कर है याराना।

शैलेश दिवेवार नागरा
(9764143751)

## इस मुलाक़ात को..

इस मुलाक़ात को एक हसीं मोड़ दो,
छोड़ दो ग़ैर की, बात अपनी करो।

कोई दिलकश तराना नया छेड़कर,
मैं भी मस्ती करूँ, तुम भी मस्ती करो।

यूँ टिकाए रखो आशिक़ाना नज़र,
प्यार की बारिशें
हल्की-हल्की करो।

चीज़ मतलब की
हमको नहीं चाहिए,
दिल का सौदा, सनम,
आओ जल्दी करो।

हम न हम रह सकें,
तुम न तुम रह सकें,
हरकतें साथ मेरे कुछ ऐसी करो।

आइए, साथ मिलकर
इसे गाएं हम,
साथ में ताल की
सुर से संधी करो।

रचनाकार



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र

## वक्त और हालात..

वक्त और हालात बदल उठूंगा मैं
बुझते-बुझते फिर जल उठूंगा मैं।

लाख कोशिश करो मुझे तोड़ने की
रेंगते ही सही मग़र चल उठूंगा मैं।

सफर तय कर रहा हूं अपने दम पे
गिरूंगा अगर तो सम्भल उठूंगा मैं।

अंधेरे कितने भी हो मेरे आस-पास
एक दिन सूर्य बन जल उठूंगा मैं।

मैं बीज हूं जानता हूं अपना हुनर
जहां फेंकोगे वहां पल उठूंगा मैं।

जिंदगी उलझनों में है अभी लेकिन
लेके समस्याओं का हल उठूंगा मैं।

लेखक




संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते है। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 200



ck;! l! nk;! :–1) अपने देश की उत्तरी सीमा का अशांत क्षेत्र जहां हुये युद्ध में अपने सैनिकों ने पाकिस्तान को पराजित किया था 3) दुर्घटना या किसी नुकसान से बचने में थोडीसी कसर रह जाना अर्थवाला एक मुहावरा 9) दो नदियों के बीच का प्रदेश 12) धरोहर 15) एक सब्जी 16) किसी चीज को पाने की इच्छा होना 18) स्वर्णकार 20) नया उत्पन्न हुआ 23) शर 24) युवक 25) जुआ खेलनेवाला 27) सूर्य 28) बारा राशियों में से अन्तिम राशी 30) पानी में उठनेवाली तरंग 32) धनुष, मेहराबदार बनावट 33) रुपया पैसा 34) किसी राज्य का प्रशासन जिस शहर से संचालित होता वह महत्वपूर्ण शहर 36) बहस, चर्चा 38) शांति, चैन 39) राख, भभूति 40) घमंड 42) रोगी 44) साथ साथ चलनेवाला 45) त्रिपुरा की राजधानी 47) अटकाना 48) रात (उर्दू) 50) रोटी सेंकने का लोहे का गोल उपकरण 51) सतह, परत 52) तेज बहाव या तेज धारा 53) जंगल में लगनेवाली आग 55) निषेध 57) ईश्वर (उर्दू) 60) गुजरात का एक प्रमुख शहर 62) चारों ओर फिराना, सैर कराना 64) सन्देह करना 67) मेंढक की बोली 69) पातक 70) बादशाह 72) एक पुराने शास्त्रीय गायक का कुलनाम, अंग्रेजी में दिन 73) संत कवि तुलसीदासजी की पत्नी का नाम 75) सांप 76) पतितों का उद्धारक, ईश्वर 79) रावण के सिरों की संख्या 81) किस समय 82) गोलमाल, अव्यवस्था 84) तुरंत चुकता किया जानेवाला रुपया पैसा 85) लेन देन में मध्यस्थ 87) छेने की एक मिठाई 90) आगमन होना 91) अस्तबल 92) भव्य, वैभवशाली 94) चमकीला 96) सांस लेने की क्रिया 97) दु:ख, विषाद 98) मकड़ी जिसे बुनती है 99) प्रस्थित करना 101) वह भूमि जिसमें अन्न उत्पन्न नही होता, ऊसर 103) झुका हुआ 105) परिधान कराना 106) मुसलमानों का वह महीना जिसमें वह रोजा रखते है 107) गणेशजी का प्रिय मिष्टान्न 108) कपड़े की एक किस्म जिसका सूट बनाया जाता है 109) चक्र, चक्का 110) यज्ञ, होम 111) मेहराबदार 114) माला में गूंथा जानेवाला धातु का गोल बहुत छोटा टुकड़ा 115) पुरानी फिल्म 'प्रहार' के अभिनेता एवं निर्देशक 116) उष्ण 117) एक रत्न 118) 'अनावरण' का अशुद्ध उच्चारण

Aij l! uhp! !& 1) गलीचा 2) शंकरजी की पत्नी, पार्वती 3) पुन: पुन: 4) नमक 5) केश 6) ताकतवर, शक्तिमान 7) प्रथा, रिवाज 8) घ्राणेन्द्रिय 10) अन्तिम 11) आफत 12) गैर सहुलियत, अड़चन 13) मान लिया 14) नरमाई 17) कोमल, मुलायम, महीन 21) किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की कृपा या आधार 22) खड्ग 24) जमानत देनेवाला 26) मुकाबला 27) चन्द्रमा, रजनीचर 29) नवयुवक 31) सीमा 32) कटि 33) रिवाज 35) एक पेड़ जिसकी पत्तियां कड़वी होती है 36) गंध, रहने की क्रिया 37) भ्रमण 38) एक हिन्दू महीना 41) स्त्री – जैसा, प्रजनन का काम करना 43) तरीका 45) प्रजा 46) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 49) वृद्धि, आय 52) ब्रह्मा 54) छोटापन 56) ईश्वर 58) एक अकाली दल नेता का कुल नाम, जो केन्द्र में केन्द्रीय मंत्री भी रह चुके है 59) शंकरजी का एक नाम 61) गणेश 63) मानवर्धक 65) वह स्थान जहां ताजिये डुबोये जाते है 66) किश्ती 68) घर्षण 69) मुसीबत से उभरने के लिये कष्टसाध्य काम करना 71) शरमीला 74) पोतना 77) शरीर 78) भोजनगृह 80) जरासा हटना 81) इजारबंद 83) बताना, कहना 85) द्वार 86) लोच 88) हमेशा 89) भगवान 90) अतिशीघ्र, तुरन्त 93) सारी जिम्मेदारी 95) पुरुषत्व 97) सुगंध देना 98) पशु 100) सिक्ख धर्म के आद्य संस्थापक 102) कसकर बांधना 104) रीति 105) हजम करना 107) मयूर 108) युद्ध 110) अधिकार 112) आदर 113) कण (जवाब अगले अंक में ) ●

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कंपनियों के शीर्ष अधिकारी साइबर ठगों के निशाने पर, आई4सी ने 'बॉस स्कैम' पर चेताया



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने परिष्कृत साइबर धोखाधड़ी 'बॉस स्कैम' को लेकर आगाह किया है, जिसमें कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के उपकरण एवं मैसेजिंग खातों से छेड़छाड़ कर कर्मचारियों को फर्जी वित्तीय लेनदेन के लिए कहा जाता है।***

आई4सी ने बयान में कहा कि साइबर ठग ईमेल और व्हाट्सएप के जरिये कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) या अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर खुद को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जैसे नियामकों का प्रतिनिधि बताते हैं और कथित उल्लंघनों का हवाला देकर तत्काल कार्रवाई का दबाव बनाते हैं। जांच में पाया गया कि साइबर हमलावर 'जिप' फाइल के जरिये वरिष्ठ कॉरपोरेट अधिकारियों के उपकरणों पर एक 'जिप' फाइल भेजकर मैलवेयर इंस्टॉल कर देते हैं। इसमें एक प्रोग्राम और एक डीएलएल फाइल होती है, जिसे खोलते ही उपकरण वायरस से संक्रमित हो जाता है। आई4सी ने कहा, ''जैसे ही अधिकारी इस फाइल को विंडोज कंप्यूटर पर खोलकर चलाता है, एक ट्रोजन वायरस सक्रिय हो जाता है। यह कंप्यूटर पर नियंत्रण कर लेता है, उसकी सुरक्षा को कमजोर कर देता है और व्हाट्सएप वेब के जारी सत्र तक पहुंच बना लेता है।''

व्हाट्सएप पर नियंत्रण मिलते ही साइबर हमलावर उस खाते से कंपनी के वित्त या लेखा विभाग को संदेश भेजते हैं और तत्काल पैसे हस्तांतरित करने के निर्देश देते हैं, जिससे संदेश विश्वसनीय प्रतीत होता है। कुछ मामलों में हमलावर संपर्क सूची में बदलाव कर अपने नंबर को ही सीईओ के नाम से सेव कर देते हैं।

आई4सी ने कंपनियों को सलाह दी है कि वे वित्तीय लेनदेन के लिए अपनी सत्यापन प्रक्रिया को मजबूत करें और केवल व्हाट्सएप या ईमेल के आधार पर तत्काल भुगतान या खाता परिवर्तन को मंजूरी न दें। ऐसे मामलों में फोन कॉल या आमने-सामने की पुष्टि अनिवार्य की जानी चाहिए। इसके साथ ही, अज्ञात स्रोतों से आने वाली फाइल को कंप्यूटर पर इंस्टॉल न करने की नीति लागू करने की सिफारिश की गई है। आई4सी ने यह स्पष्ट किया कि आरबीआई जैसे नियामक व्हाट्सएप के जरिये अनिवार्य सॉफ्टवेयर अपडेट या सुरक्षा पैच नहीं भेजते हैं।

# अमेरिका-ईरान समझौते में अड़चन, कमजोर मानसून से आर्थिक वृद्धि परिदृश्य पर पड़ेगा दबावः आरबीआई बुलेटिन..



मुंबई, (भाषा)।

***अमेरिका-ईरान शांति समझौते में संभावित व्यवधान और दक्षिण-पश्चिम मानसून की कमजोरी से भारत की आर्थिक वृद्धि एवं मुद्रास्फीति के परिदृश्य पर दबाव पड़ सकता है जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी नाजुक बनी हुई है।***

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक बुलेटिन में सोमवार को यह आशंका जताई गई। जून माह के बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक से प्रकाशित लेख में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में अंतरिम शांति समझौता होने के बावजूद भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार से जुड़े गतिरोध कायम हैं।

बुलेटिन के मुताबिक, अमेरिका एवं ईरान के बीच अस्थायी समझौते से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी कमजोर बना हुआ है।

लेख में कहा गया, ''अगर यह समझौता टूटता है तो महंगाई के अनुमानों में उछाल, ऊर्जा आपूर्ति ढांचे में बाधा, निवेश में देरी, खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं और वित्तीय स्थिरता पर असर जैसे जोखिम फिर से बढ़ सकते हैं, जिससे वृद्धि दर पर भी दबाव आ सकता है।''

इस चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसे निजी खपत और स्थायी निवेश से समर्थन मिला।

आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती दो महीनों के उच्च-आवृत्ति संकेतक आर्थिक गतिविधियों में निरंतर मजबूती का संकेत देते हैं।

हालांकि, मई में कुछ तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नियंत्रित दायरे में बनी हुई है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के चलते भारत का बाहरी क्षेत्र मजबूत बना हुआ है।

लेख कहता है, ''मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने झटके सहने के मामले में कई दूसर देशों की तुलना में मजबूत बुनियादी स्थिति के साथ इस दौर में कदम रखा।''

हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी कीमतों में बढ़ोतरी का असर 'रेस्तरां और आवास सेवाओं' श्रेणी में महंगाई बढ़ने के रूप में दिखा। मई में 12 में से आठ श्रेणियों में महंगाई में क्रमिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। खाद्य एवं पेय महंगाई में भी बढ़ोतरी देखी गई, जिसका कारण गर्मियों के दौरान असामान्य मौसमी रुझान रहा। चावल, गेहूं एवं दालों की कीमतों में तेजी आई, जबकि आलू, प्याज एवं टमाटर जैसी प्रमुख सब्जियों के दाम भी बढ़े। खाद्य तेलों की कीमतों में भी मासिक आधार पर खासी तेजी देखी गई।

ऊर्जा आपूर्ति शृंखला में गतिरोध की वजह से कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी रहीं, लेकिन जून में इनमें कुछ नरमी आई। अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल का आंशिक असर खुदरा कीमतों पर भी पड़ा, जिसके तहत मई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चार बार में क्रमशः लगभग 7.5 रुपये और 7.6 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के निजी मत हैं और ये आरबीआई के आधिकारिक विचार नहीं हैं।

# केंद्र ने खरीफ सत्र के लिए झारखंड, नगालैंड में बीज की कमी पर चिंता जताई



नई दिल्ली, (भाषा)।

***केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने झारखंड और नगालैंड में बीजों की कमी और तमिलनाडु में आपातकालीन स्थिति के लिए लगभग शून्य बफर स्टॉक को लेकर चिंता जताई है।***

वहीं इस खरीफसत्र में प्रमाणीकृत और अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की कुल राष्ट्रीय उपलब्धता जरूरत से ज्यादा है। झारखंड में सबसे ज्यादा कमी है ङ्क यहां जरूरत 3,91,629 क्विंटल की है, जबकि उपलब्धता 3,09,421 क्विंटल की ही है, जिससे सभी फसलों को मिलाकर 82,208 क्विंटल का अंतर है।

मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी एक परामर्श में इसे ''सभी फसलों में भारी कमी वाला एकमात्र राज्य'' बताया है। इसमें कहा गया, ''राज्य के लिए राष्ट्रीय बीज आरक्षित भंडार से 2,860 क्विंटल का आवंटन इस अंतर को भरने के लिए काफी नहीं है।''

झारखंड से कहा गया है कि वह तुरंत फसल-वार उपलब्धता की समीक्षा करे और केंद्रीय कृषि मंत्रालय, पड़ोसी राज्यों के बीज निगम और राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी) के साथ सलाह-मशविरा करके राज्यों के बीच बीजों की आवाजाही शुरू करे।

नगालैंड में 368 क्विंटल बीज की की थोड़ी कम कमी है ङ्क जरूरत 6,718 क्विंटल बीज की है, जबकि उपलब्धता 6,350 क्विंटल की है और उसे एनएससी, सार्वजनिक उपक्रम की कंपनियों या पड़ोसी राज्यों से कमी को पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

तमिलनाडु की स्थिति अलग है, लेकिन उतनी ही चिंताजनक है। इस दक्षिणी राज्य में जरूरत 7,20,877 क्विंटल बीज की है, जबकि बीजों की उपलब्धता 7,22,095 क्विंटल है, जो सिर्फ 1,217 क्विंटल की मामूली बढ़त दिखाती है।

मंत्रालय के परामर्श परिपत्र में कहा गया, ''तमिलनाडु में बफर स्टॉक लगभग शून्य होने से आपातकालीन स्थिति के लिए कोई गुंजाइश नहीं बचती है ङ्क अगर बारिश में देरी होती है या फसल बदली जाती है, तो राष्ट्रीय स्तर पर अधिशेष वाले राज्यों से अतिरिक्त खरीद की जरूरत होगी।''

राष्ट्रीय स्तर पर, कुल उपलब्धता 192.43 लाख क्विंटल बीज की है, जो खरीफकी 172.98 लाख क्विंटल बीज की जरूरत से काफी ज्यादा है। अच्छी-खासी अतिरिक्त मात्रा वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, हरियाणा, पंजाब, आंध्र प्रदेश, असम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गुजरात और बिहार शामिल हैं।

कई राज्यों – त्रिपुरा (15,890 क्विंटल), अरुणाचल प्रदेश (21,167 क्विंटल), हिमाचल प्रदेश (21,150 क्विंटल), गोवा (3,840 क्विंटल), मेघालय (17,279 क्विंटल), सिक्किम (473.9 क्विंटल), केरल (21,253 क्विंटल) और पुडुचेरी (1,430 क्विंटल) – में उपलब्धता बस जरूरत के बराबर ही है।

मंत्रालय ने इस सत्र के लिए 1,74,325 क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार (एनएसआर) लक्ष्य तय किया है। एनएसआर में कम और मध्यम अवधि वाले प्रमाणीकृत और फाउंडेशन बीज शामिल हैं, जिनमें सूखा और गर्मी सहने वाली किस्में भी हैं, जिन्हें एनएससी संभालता है। राज्यों से कहा गया है कि वे जिला-स्तर के आकलन के आधार पर बीज की मात्रा तय करें।

केंद्र ने इस खरीफसत्र के लिए अल-नीनो को एक बड़ा जोखिम बताया है और राज्यों से कहा है कि वे ब्लॉक और जिला स्तर पर पहले से योजना बनाते समय इसे ध्यान में रखें।

राज्यों से कहा गया है कि वे केन्द्रीय 'ड्राइलैंड एग्रीकल्चर' शोध संस्थान (सीआरआईडीए), केन्द्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और राष्ट्रीय वर्षा सिचिंत क्षेत्र प्राधिकार (एनआरएए) की सलाहों का पालन करें, जो वैज्ञानिक तरीकों से मौसम के रुख और नमी के स्तर पर नजर रख रहे हैं। सलाह में कहा गया, ''चुनौती राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धता की नहीं, बल्कि मानसून शुरू होने से पहले जिला और ब्लॉक स्तर पर सही किस्म के बीजों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की है।'' खरीफ की बुवाई जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आने के साथ शुरू होती है। इस साल मॉनसून धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है और कुछ रिपोर्टों के अनुसार यह तय समय से लगभग 4-5 दिन पीछे है, जबकि अल-नीनो की स्थितियों ने बारिश और बुवाई की प्रगति को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 12 जून तक खरीफकी बुवाई 84.50 लाख हेक्टेयर में हुई थी, जो रकबा पिछले साल इसी अवधि में हुई 88.04 लाख हेक्टेयर की बुवाई से कम है।

# विदेशी बाजारों में सुधार से अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी में औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण सोमवार को सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल जैसे अधिकांश खाद्य तेल-तिलहनों के दाम मजबूत दिखे।***

दूसरी ओर कमजोर मांग रहने के बीच सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे। मलेशिया और शिकॉगो एक्सचेंज में सुधार जारी है। बाजार सूत्रों ने कहा कि विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम मजबूत हुए हैं जिसकी वजह से यहां सोयाबीन तेल-तिलहन, पाम-पामोलीन तेल और औद्योगिक मांग के कारण बिनौला तेल के दाम मजबूत रहे। पर यह भी तथ्य है कि जितने दाम विदेशों में मजबूत हुए हैं, उतना असर स्थानीय दाम पर नहीं आया है। सामान्य तौर पर सभी खाद्य तेलों की ग्राहकी कमजोर बनी हुई है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे टूटकर 94.63 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस गिरावट की वजह से भी खाद्य तेलों का आयात महंगा बैठने के कारण विशेषकर सोयाबीन और पाम-पामोलीन जैसे आयातित खाद्य तेलों के दाम मजबूत हुए हैं। दूसरी ओर नमकीन बनाने वाली कंपनियों की औद्योगिक मांग बढ़ने की वजह से बेहद कम मात्रा में उपलब्ध बिनौला तेल भी मजबूत हुआ है।

ऊंचे दाम पर लिवाली प्रभावित रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन और गर्मी की मूंगफली की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेः

सरसों तिलहन - 7,525-7,550 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,625-7,200 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,550 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,480-2,780 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 15,425 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,550-2,650 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,550-2,695 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,625 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,575 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,375 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,100-7,150 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 6,950-7,025 रुपये प्रति क्विंटल।

# उर्वरक ला रहे चार जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरे, भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़े..



नई दिल्ली, (भाषा)।

रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि यूरिया, डीएपी और सल्फर ला रहे चार मालवाहक जहाज अब भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। ये जहाज पिछले सप्ताह पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य से सफलतापूर्वक गुजरे थे।

ये जहाज कृष्णापत्तनम, काकीनाडा, पारादीप और मुंद्रा जा रहे हैं। वहां पहुंचने पर, खरीफसत्र से पहले खेती-बाड़ी की जरूरतों को पूरा करने और मौजूदा उर्वरक भंडार को बढ़ाने के लिए कार्गो को उतारा जाएगा।

मंत्रालय ने कहा कि एक मार्च को संकट शुरू होने के बाद से घरेलू उर्वरक उत्पादन 133.12 लाख टन तक पहुंच गया है, जबकि आयात 43.69 लाख टन रहा है।

बयान के अनुसार, भारत ने अपने हाल की वैश्विक निविदा में 17.70 लाख टन यूरिया का अनुबंध भी किया है। इससे खरीफसत्र के लिए यूरिया और पी एंड के (फॉस्फेट और पोटाश) उर्वरक की कुल आपूर्ति 90 लाख टन से अधिक हो गई है। ओमान, मलेशिया, वियतनाम, जॉर्जिया, नाइजीरिया, रूस, फिनलैंड, मिस्र, अल्जीरिया, तुर्की और नीदरलैंड से यूरिया की आपूर्ति तय की गई है। डीएपी और एनपीके की आपूर्ति रूस, मोरक्को, मिस्र, अमेरिका, जॉर्डन, दक्षिण कोरिया, ट्यूनीशिया और सऊदी अरब से लाल सागर के रास्ते लाई जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि 22 जून तक कुल उर्वरक भंडार 196.08 लाख टन था, जो एक साल पहले 168.67 लाख टन था। यूरिया का भंडार 69.21 लाख टन से बढ़कर 81.44 लाख टन हो गया। वहीं डीएपी का भंडार 16 लाख टन से बढ़कर 20.92 लाख टन और एनपीके का भंडार पिछले साल की इसी अवधि के 46.13 लाख टन के मुकाबले बढ़कर 55.91 लाख टन हो गया।

म्यूरेट ऑफपोटाश (एकओपी) का भंडार 10.68 लाख टन से बढ़कर 12.68 लाख टन हो गया, जबकि सिंगल सुपर फॉस्फेट का भंडार थोड़ा कम होकर 25.13 लाख टन रहा जा एक साल पहले 26.65 लाख टन था।

एक मार्च से कुल उर्वरक बिक्री 153.4 लाख टन तक पहुंच गई, जो पिछले साल की इसी अवधि में 140.2 लाख टन थी। इसमें 79.1 लाख टन यूरिया, 34.8 लाख टन एपीके और 19.8 लाख टन डीएपी शामिल था।

मंत्रालय ने कहा कि वह राज्य सरकारों, वितरण एजेंसियों और सहकारी नेटवर्क के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा ताकि यह पक्का किया जा सके कि उर्वरक की उपलब्धता 'मजबूत, स्थिर और प्रबंधित' बनी रहे।

# कमजोर मानसून से आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति के परिदृश्य पर पड़ सकता है दबावः आरबीआई बुलेटिन




मुंबई, (भाषा)।

***दक्षिण-पश्चिम मानसून के कमजोर पड़ने से घरेलू आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति के परिदृश्य पर दबाव पड़ सकता है जबकि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी नाजुक बना हुआ है।***

सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक बुलेटिन में यह बात कही गई। जून माह के बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' शीर्षक से प्रकाशित लेख में कहा गया है कि पश्चिम एशिया में अंतरिम शांति समझौता होने के बावजूद भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार से जुड़े गतिरोध कायम हैं।

लेख कहता है कि अमेरिका एवं ईरान के बीच अस्थायी समझौते से कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन वैश्विक आर्थिक परिदृश्य अब भी कमजोर बना हुआ है।

बुलेटिन में प्रकाशित लेख में कहा गया, ''अगर यह समझौता टूटता है तो महंगाई के अनुमानों में उछाल, ऊर्जा आपूर्ति ढांचे में बाधा, निवेश में देरी, खाद्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं और वित्तीय स्थिरता पर असर जैसे जोखिम फिर से बढ़ सकते हैं, जिससे वृद्धि दर पर भी दबाव आ सकता है।''

इस चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2025-26 की चौथी तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसे निजी खपत और स्थायी निवेश से समर्थन मिला।

आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती दो महीनों के उच्च-आवृत्ति संकेतक आर्थिक गतिविधियों में निरंतर मजबूती का संकेत देते हैं।

हालांकि, मई में कुछ तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नियंत्रित दायरे में बनी हुई है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार के चलते भारत का बाहरी क्षेत्र मजबूत बना हुआ है।

बुलेटिन में कहा गया कि मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बुनियादी आधार के साथ इस दौर में प्रवेश कर रही है, जिससे झटकों को सहने की क्षमता बनी हुई है।

केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि बुलेटिन में व्यक्त विचार लेखकों के निजी मत हैं और ये आरबीआई के आधिकारिक विचार नहीं हैं।

जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# एक खुशहाल शिक्षक, खुशनुमा क्लासरूम का करता है निर्माण..

**इन हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न..**






जगप्रेरणा लांजी।
***विद्यालय पॉली अकादमिक संस्थान बिसोनी में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशा-निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए एक दिवसीय इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन***

किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय एनईपी 2020, हैप्पी क्लासरूम एआई एजुकेशन था। कार्यशाला की शुरुआत संस्थान प्रमुख श्रीमती वंदना वैद्य के मुख्य आतिथ्य व प्राचार्य श्रीमती श्रृद्धा कांड्रा, प्रबंधक संजय चौरे व मुख्य अतिथि, रिसोर्स पर्सन हरिओम दुबे, कमलकांत विठले की प्रमुख उपस्थिती में दीप प्रज्वलन और सरस्वती पूजन के साथ की गई।

## सकारात्मक माहौल और खुशहाल शिक्षक ही बनाएंगे हैप्पी क्लासरूम

रिसोर्स पर्सन हरिओम दुबे ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'एक खुशहाल शिक्षक ही एक खुशहाल कक्षा का निर्माण कर सकता है।' कार्यशाला के पहले सत्र में 'हैप्पी क्लासरूम' के तहत भावनात्मक बुद्धिमत्ता, आत्म-नियंत्रण और शिक्षक-छात्र संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। विभिन्न गतिविधियों, ग्रुप डिस्कशन और केस स्टडीज के माध्यम से शिक्षकों को सिखाया गया कि कैसे कक्षा के तनाव को कम करके पढ़ाई को और अधिक रोचक व आनंददायक बनाया जा सकता है।

एनईपी 2020 के तहत अनुभवात्मक शिक्षण पर चर्चा करते हुए कमलकांत विठले ने दूसरे सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों को रटने की प्रवृत्ति को छोड़कर गतिविधि-आधारित शिक्षा और अनुभवात्मक शिक्षण को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। नीति के अनुसारं छात्र-केंद्रित माहौल बनाने और बच्चों के समग्र विकास के लिए नई शिक्षण पद्धतियों को साझा किया गया।

प्राचार्य श्रीमती श्रृद्धा कांड्रा ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ाने और छात्रों को बेहतर माहौल देने में मील का पत्थर साबित होते हैं। स्कूल प्रशासन भविष्य में भी सीबीएसई के नियमों के अनुसार ऐसे कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आयोजित करता रहेगा।

संस्थान में आयोजित इन हाऊस ट्रेनिंग प्रोग्राम में समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएँ जिनमें राजेश कुमार शुक्ला, सिफान मिर्जा, तरुण तिलवार, निश्चल दोनोडे, शुद्बोधन रामटेके, राजा विजयवार, सुभद्रा कलपुरे, संध्या चौरे, यास्मिन खान, ज्योति भीमटे, रोहिणी रण्दिवे, दिपिका चौरे, प्रतिभा वशिष्ठ, मंजुलता उमरे, दिक्षा घोंघडे, आँचल लांजेवार, सामिया खान, भगवंती खान, सुरेखा गंगभोज, ममता वधारे मैड़म समस्त क्रियाकलापों में उपस्थित रहे।

# एमपीपीएससी की परीक्षा पास कर वेद प्रकाश नागपुरे बने खाद्य सुरक्षा अधिकारी..

**कठोर परिश्रम, नियमितता और अनुशासन ही सफलता की कुंजी- वेदप्रकाश**



जगप्रेरणा लांजी।
जब सपनों को हकीकत बनाने का जज़्बा हो, तो रास्ते की हर रुकावट छोटी लगने लगती है। यही कहानी है बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर निवासी वेदप्रकाश नागपुरे की, जिन्होंने कठिनाइयों और निराशाओं को पीछे छोड़ते हुए एमपीपीएससी खाद्य सुरक्षा अधिकारी-2025 की परीक्षा में सफ्लता हासिल कर परिवार, गांव और पूरे जिले का नाम रोशन किया। वेदप्रकाश की पढ़ाई बिरनपुर प्राथमिक शाला से शुरू हुई और लांजी, सावरी खुर्द होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर तक पहुंची। इसके बाद उन्होंने सतना स्थित **AKS** विश्वविद्यालय से बी.टेक एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की।

साल 2022 में वे इंदौर जाकर सिविल सेवा की तैयारी में जुट गए। तीन बार मेन्स परीक्षा लिखी, लेकिन 2024 में आई खाद्य सुरक्षा अधिकारी की भर्ती 2025 में निरस्त होने से वे निराश हुए। लंबा इंतजार और कठिन तैयारी के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अंततः सफलता उनके कदम चूमी।


अगस्त 2022 में जब वेदप्रकाश ने गांव छोड़ा तो पिता ने कहा था कि बेटा सफ्ल होकर ही लौटना है और बेटे ने ये कर दिखाया वेदप्रकाश ने बताया कि पिता का संघर्ष मुझसे भी ज्यादा है उन्होंने मुझे कभी किसी चीज की कमी नहीं होने दी। मां लीलाबाई नागपुरे के स्नेह ने उन्हें संबल दिया। बड़े भाई कमलेश नागपुरे और भाभी पूर्णिमा नागपुरे का सहयोग भी उनके साथ रहा। वेदप्रकाश बताते हैं कि उनके बड़े पापा स्व. अमृतलाल नागपुरे का सपना था कि वे अधिकारी बनें। वे आज इस दुनिया में नहीं हैं पर उनके सपनों को साकार करना ही मेरे लिए सच्ची श्रद्धांलजी है।

## कठोर परिश्रम, नियमितता और अनुशासन ही सफलता की कुंजी..

वेदप्रकाश का कहना है - कठोर परिश्रम, नियमितता और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उनसे सीखकर आगे बढ़ना ही असली जीत है। वेदप्रकाश नागपुरे की यह उपलब्धि न केवल बिरनपुर गांव बल्कि पूरे बालाघाट जिले के लिए गर्व का क्षण है। उनकी कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो कठिनाइयों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का साहस रखता है।

# घोटी में हुआ योग व स्वास्थ्य जागरूकता शिविर जीवन शैली में सुधार के दिए टिप्स





जगप्रेरणा लांजी।
***अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकासखंड लांजी की ग्राम पंचायत घोटी घुसमारा में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के वीएलई फलेन्द्र बिसेन के द्वारा योग एवं स्वास्थ्य***

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीएससी जिला प्रबंधक सत्येंद्र बिसेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों तथा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन एवं तनावमुक्त जीवन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग एक प्रभावी एवं सरल उपाय है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सीएससी वीएलई फलेन्द्र बिसेन द्वारा ग्रामीणों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं डिजिटल सेवाओं की भी जानकारी दी गई। ग्रामीणों को आयुष्मान भारत योजना, बीमा सेवाएं, बैंकिंग सेवाएं, पेंशन योजनाएं, टेली-लॉ, ऑनलाइन शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रम, पैन कार्ड, आधार सेवाएं, डिजीपे, एजुकेशन प्रोजेक्ट सहित अन्य शासकीय सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही डिजिटल सेवाओं का अधिकतम लाभ लेने एवं डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढने् के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने, स्वस्थ रहने तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण आयोजन बताया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घोटी घुसमारा के ग्रामीणजन, युवा, महिलाएं, विद्यार्थी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जन अभियान परिषद ने कोचेवाही में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस..






जगप्रेरणा लांजी।
***जन अभियान परिषद म.प्र. बालाघाट जिला समंवयक महेश पटले, वि.ख.समंवयक संतोष नगपुरे के निर्देश में 21 जून को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्षानुसार ग्राम कोचेवाही में मनाया***

गया। ज्ञात हो कि इस दिन की पहल 27 सितम्बर 2014 को भारत के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय से एक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने अपील की थी जिसमें उन्होंने कहा था कि: 'योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है; मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य है; विचार, संयम और पूर्ति प्रदान करने वाला तथा स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को भी प्रदान करने वाला है।

यह केवल व्यायाम के बारे में नहीं है, लेकिन अपने भीतर एकता की भावना, दुनिया और प्रकृति की खोज के विषय में है। हमारी बदलती जीवन-शैली में यह चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। तो आयें एक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने की दिशा में काम करते हैं।' प्राचीन मान्यता के अनुसार 21 जून उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली। भारत के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अन्दर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो किसी प्रस्तावित दिवस को संयुक्त राष्ट्र संघ में पारित करने के लिए सबसे कम समय है। भारत के लिये आज का दिन एक गौरव का दिन है, आज के दिन हम सबको संकल्प लेकर, योग को नित्य दैनिक जीवन का हिस्सा बनायेंगे, इसे अपनायेंगे। क्योंकि सुखी जीवन की पहली सीढी निरोगी काया है। 11 दिसम्बर 2014 को अमेरिका में स्थित संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में 'आंतरराष्ट्रीय योग दिवस' (इंटरनेशनल डे ऑफ योगा) के नाम से मनाया गया।

ग्राम कोचेवाही में विश्व योगा दिवस में सामिल रहे मुख्य अतिथि संतोष यादव (सरपंच), संतोष नगपुरे वि. ख. समंवयक लांजी, ग्रा. वि. प्रस्फुटन समिति से तुलसीराम उके (अध्यक्ष), राजेंद्र भागडकर (सचिव), हुलास प्रसाद पाण्डे (सह-सचिव), रोशनलाल धारणे (उपाध्यक्ष), श्रीमती रजमोती चौधरी (सदस्या), श्रीमती कचरी घोरमारे(सदस्या) तथा भरतलाल यादव, लखनलाल यादव, राजेश्वर पंचाले, भोजेंद्र नेवारे, दिलीप धुर्वे, जानवी चौधरी, रूपाली मानकर, मनीष बागडे, तरूण पाण्डे, सम्पत चचाने, पिंटु यादव, लकी गेडाम, कुलपत चचाने सहित ग्रामीण जनो की उपस्थिति रही।

साथ ही परामर्शदाता अशोक घरते, विजय घरते, ग्रा. वि. प्रस्फुटन समिति कलपाथरी के अध्यक्ष आकाश ऐडे, सचिव रंजीत ऐडे की सहभागिता रही। कार्यम समंवयक व योग प्रशिक्षक के रूप में नवांकुर सचिव रमेश आसटकर की भूमिका रही। प्रणायाम, योग, ध्यान, सूर्य नमस्कार के पश्चात अल्पाहार वितरण कर योग कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

# योग प्राणायाम हमारी विरासत की परंपरा गार्गी शाखा ने मनाया विश्व योग दिवस..



जगप्रेरणा लांजी।
***राष्ट्र सेविका समिति की गार्गी शाखा ने विश्व योग दिवस पर आयोजित योग कार्यक्रम में योग के महत्व पर जोर देते हुए 'योग करें, निरोग रहें' का संदेश दिया।***

कार्यक्रम 22 जून को नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। राष्ट्र सेविका समिति लांजी की गार्गी शाखा द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह के समय आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा की बालिकाओं, शिक्षिकाओं तथा स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगासन, प्राणायाम और ध्यान के विभिन्न अभ्यास कराए गए।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। राष्ट्र सेविका समिति की गार्गी शाखा की शाखा कार्यवाहिका पल्लवी खरगाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवनशैली है। आज के तनावपूर्ण जीवन में योग हमें स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक बनाता है। राष्ट्र सेविका समिति बालिकाओं और महिलाओं को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का निरंतर प्रयास कर रही है।' राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं और बालिकाओं के शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक तथा सांस्कृतिक विकास के लिए कार्यरत एक प्रमुख संगठन है। समिति अपनी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से नियमित रूप से योग, खेलकूद, संस्कार शिक्षा, नेतृत्व क्षमता विकास, स्वास्थ्य शिविर और सामाजिक सेवा जैसे कार्यक्रम संचालित करती है।

लांजी नगर की प्रथम शाखा गार्गी शाखा प्रशिक्षित शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में प्रतिदिन प्रातःकाल सरस्वती शिशु मंदिर में संचालित होती है। यहां बालिकाओं को शारीरिक व्यायाम और खेलकूद के साथ ही संस्कार, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी तथा राष्ट्रप्रेम की शिक्षा दी जाती है। शाखा स्थानीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। अंत में शांति पाठ और राष्ट्र सेविका समिति के प्रार्थना गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बिना खर्च किए योग सबके लिए सुलभ..

# स्वामी विवेकानंद विद्यार्थी शाखा ने मनाया विश्व योग दिवस..



जगप्रेरणा लांजी।
***अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को वनांचल ग्राम घोटी-नंदौरा में स्वामी विवेकानंद संयुक्त विद्यार्थी शाखा ग्राम घोटी द्वारा योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया।***

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों, ग्रामीणों तथा बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। आरएसएस शाखा परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई। उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कर शरीर और मन को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में योग के महत्व, लाभ और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। नियमित योग करने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है और व्यक्ति तनावमुक्त जीवन जी सकता है। उन्होंने बताया कि योग एक ऐसा सरल माध्यम है, जिसे बिना किसी खर्च के हर आयु वर्ग का व्यक्ति अपना सकता है। कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रूप में तुकाराम बारेकर, टेकचंद कौशल, पितमलाल सोनवाने, ओमप्रकाश आसटकर, जयप्रकाश आसटकर, हीरालाल मातरे, नंदू किरमे एवं राहुल चौके की विशेष भूमिका रही। इसके अलावा ग्राम घोटी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों से नियमित योग करने की अपील की।

# 24 जून को शक्ति पीठ में गायत्री जयंती पर्व..



जगप्रेरणा लांजी।
प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कर 24 जून 2026 को प्रातः 8 से 12 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ लांजी में गायत्री जयंती पर्व मनाया जायेगा। इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुये परिव्राजक विनोद तिडक़े ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथी को ऋषि भागीरथ ने अपने तप से माँ गंगा को धरा पर उतारा था, इसे हम गंगा दशहरा भी कहते है। शास्त्रों में इस दिन को मां गायत्री का जन्म दिवस भी माना गया है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि वेदमुर्ति तपोनिष्ठ आचार्य पं. श्रीराम शर्मा का महाप्रयाण भी माँ गायत्री की गोद में गायत्री जयंती के दिन ही हुआ। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ लांजी में तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कारों पूर्णहुति कार्यकर्ता गोष्ठी एवं महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। संस्कार करवाने वाले भाई बहन कार्यक्रम से पहले ही अपना पंजीयन कर जानकारी प्राप्त कर ले ताकि कार्यक्रम के समय असुविधा न हो। ब्लॉक गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा सभी धर्म प्रेमी भाईयों बहनों, गायत्री परिवार मिशन की पत्रिकाओं के पाठक, गायत्री मंत्र लेखन कर रहे साधक, गायत्री शक्तिपीठ में अंशदान, अन्नदान करने वाले सभी परिजनों से इस कार्यक्रम में आकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बच्चों के लिए रास्ता खुलवाने को लेकर विवाद हिंसक, सरपंच समेत 6 घायल; एससी-एसटी एक्ट सहित मामला दर्ज..

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***ग्राम पंचायत चीनी के बर्राटोला में बच्चों और ग्रामीणों के आवागमन के लिए रास्ता खुलवाने को लेकर चल रहा विवाद शनिवार को हिंसक झड़प में बदल गया। रास्ते पर गड्ढा खोदने को लेकर हुए विवाद में ग्राम पंचायत चीनी की सरपंच प्रमिला राम उइके समेत 6 लोग घायल हो गए।***





पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफविभिन्न धाराओं एवं एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों के अनुसार बर्राटोला में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण बच्चों को स्कूल आने-जाने और ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। ग्राम पंचायत ने कई बार संबंधित परिवार से रास्ते के लिए भूमि छोड़ने का आग्रह किया, लेकिन सहमति नहीं बनने से विवाद लगातार बढ़ता गया। मामला राजस्व और पुलिस प्रशासन तक पहुंचा, जहां दोनों पक्षों पर बांड ओवर की कार्रवाई भी की गई थी।

## 17 जून को प्रशासन की मौजूदगी में हटाया गया था अतिक्रमण

जानकारी के अनुसार 17 जून को राजस्व और पुलिस अमले की मौजूदगी में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। इस दौरान करीब 12 फीट हिस्से को खाली कराकर बच्चों और ग्रामीणों के लिए रास्ता खोला गया था। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच शिकायतों और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। 19 जून को सरपंच प्रमिला राम उइके भी ग्रामीणों के साथ परसवाड़ा थाने पहुंची थीं और कार्रवाई की मांग की थी।

## रास्ते पर गड्ढे खोदने की सूचना पर पहुंची थीं सरपंच

शिकायत के अनुसार शनिवार 20 जून की शाम करीब 5 बजे सरपंच को सूचना मिली कि अतिक्रमण हटाकर बनाए गए रास्ते पर फिर से गड्ढा खोदा जा रहा है। सूचना मिलने पर वे मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि विरोध करने पर व्यासमून तिवारी, उसके पुत्र वेदमून तिवारी तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने विवाद शुरू कर दिया।

सरपंच ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने जातिसूचक अपशब्द कहे, जान से मारने की धमकी दी और ईंट व लकड़ी से हमला कर दिया। हमले में सरपंच के चेहरे पर चोट आई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे अंजीत मसराम, शैलेन्द्र इनवाती, सरोज मर्सकोले, सनिया बाई उइके और रीना नेवारे भी घायल हो गए। ग्रामीणों ने एक गर्भवती महिला के साथ मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया है।

## चार नामजद आरोपियों पर प्रकरण दर्ज

पुलिस द्वारा दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मामले में ग्राम चीनी निवासी व्यासमून तिवारी (पिता- रामायण प्रसाद तिवारी), वेदमून तिवारी (पिता- व्यासमून तिवारी), कौशल्या तिवारी (पति- व्यासमून तिवारी) तथा दुर्गा तिवारी (पिता- व्यासमून तिवारी) को नामजद आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपी ग्राम चीनी, तहसील परसवाड़ा, जिला बालाघाट के निवासी बताए गए हैं।

## थाने में जुटे ग्रामीण, कार्रवाई की मांग

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण परसवाड़ा थाने पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की। देर रात तक थाने में ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। आसपास के गांवों के जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी समर्थन में पहुंचे।


पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए सरपंच की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(1)(द), 3(1)(ध) एवं 3(2)(वीए) के तहत मामला दर्ज किया है।

# हथोड़ा में पानी के लिए हाहाकार: 18 महीने से खड़ी टंकी बनी 'शोपीस', नल-जल योजना फेल

### कुएं-बोर सूखे, हैंडपंप उगल रहे हवा; मैंगनीज खदान की ब्लास्टिंग से भूजल खत्म, शिकायतों पर प्रशासन मौन

जगप्रेरणा तिरोडी।

***तहसील के ग्राम हथोड़ा में भीषण पेयजल संकट गहरा गया है। हालात इतने खराब हैं कि ग्रामीण 2-3 किमी दूर से पानी ढोने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि 18 महीने पहले गांव में लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी आज सिर्फ 'शोपीस' बनकर खड़ी है।***



## नल-जल योजना: उद्घाटन के बाद सिर्फ2 दिन आया पानी

जल जीवन मिशन के तहत डेढ़ साल पहले गांव में नल-जल योजना शुरू हुई थी। पाइपलाइन बिछी, हर घर में नल कनेक्शन दिए गए। उद्घाटन के दिन पूजा-पाठ के साथ टंकी से पानी छोड़ा गया। ग्रामीण बताते हैं, ÷उस दिन के बाद सिर्फ2 दिन नलों में पानी आया। फिर मोटर खराब हो गई बोलकर सप्लाई बंद कर दी। तब से टंकी में ताला लटका है।÷

18 महीने से खड़ी 50 हजार लीटर क्षमता की यह टंकी अब कबूतरों का अड्डा बन गई है। नल कनेक्शन सूखे पड़े हैं।

## धरती ने भी छोड़ा साथ: कुएं, बोर, हैंडपंप सब सूखे

गांव के 5 सार्वजनिक कुएं पिछले साल ही सूख गए। 12 में से 9 हैंडपंप हवा फेंक रहे हैं। निजी बोरवेल भी 150-200 फीट पर फेल हो चुके हैं। महिलाएं बताती हैं, ÷पहले 40-50 फीट पर पानी था। अब 200 फीट बोर कराओ तो भी 2 बाल्टी पानी नहीं निकलता।÷

सुबह 4 बजे से ही महिलाएं-बच्चे डिब्बे लेकर आसपास के खेतों के निजी बोर पर लाइन लगाते हैं। कई बार विवाद-मारपीट की नौबत आ जाती है।

## खदान की ब्लास्टिंग बनी कोढ़ में खाज

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव से लगी प्राइवेट मैंगनीज खदान में हो रही हैवी ब्लास्टिंग से भूजल स्तर तेजी से गिरा है। दिन में 3-4 बार धमाके होते हैं। मकानों में दरारें पड़ रही हैं।

ग्राम पंचायत हथोड़ा के ग्रामीण बताते हैं÷ब्लास्टिंग से जमीन के अंदर की पानी की नसें टूट गई हैं। गहरी खदान में रोज लाखों लीटर पानी निकालकर फेंक देते हैं। हमारा गांव बूंद-बूंद को तरस रहा है।÷

## शिकायतों का अंबार, कार्रवाई जीरो

ग्रामीणों ने 6 महीने में कलेक्टर, स्छरू क्काश्व विभाग और खनिज विभाग को 11 बार लिखित शिकायत दी। जनसुनवाई में भी आवेदन दिए। लेकिन न टंकी चालू हुई, न खदान की ब्लास्टिंग रुकी, न टैंकर भेजे गए। ÷क्काश्व वाले बोलते हैं मोटर जल गई। खनिज वाले जांच के नाम पर आते हैं और चले जाते हैं। खदान मालिक पहुंच वाला है, इसलिए कोई सुनवाई नही होती ।

# हज यात्रा से लौटे हाजियों का कटंगी में आत्मीय स्वागत, फूल-मालाओं से नवाजा





जगप्रेरणा कटंगी।

***मुकद्दस सफर-ए-हज मुकम्मल कर क्षेत्र के हाजी जैसे ही अपने गृह नगर कटंगी लौटे, वहां का माहौल पूरी तरह से उत्सव और आस्था के रंग में सराबोर हो गया। पवित्र नगरी मक्का और मदीना की इबादत के बाद सकुशल वापस आए अकीदतमंदों का स्वागत करने के***

लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और उनके घरों पर लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान कौमी एकता और आपसी सौहार्द का एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जहां हर धर्म और वर्ग के लोगों ने मिलकर हाजियों की अगवानी की।ढोल-धमाकों और नारों से गूंजा क्षेत्रहाजियों के कटंगी की सरजमीं पर कदम रखते ही मौजूद जनसैलाब ने 'हाजी साहब जिंदाबाद' और 'लब्बैक या अल्लाह' के नारों के साथ उनका इस्तकबाल किया। इस भावुक और ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिए हाजियों के परिजन, रिश्तेदार और स्थानीय नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

हाजियों के आते ही पूरा परिसर खुशी के आंसुओं और बधाइयों की गूंज से भर उठा।पुष्पवर्षा और माल्यार्पण कर जताया सम्मानस्वागत समारोह के दौरान स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा हाजियों का भव्य माल्यार्पण किया गया। उन्हें फूलों के बड़े-बड़े हार पहनाए गए और सिर पर साफा बांधकर उनका पारंपरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान रास्ते भर लोगों ने हाजियों पर गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पवर्षा की। लोगों ने हाजियों से हाथ मिलाकर और उन्हें गले लगाकर हज की मुबारकबाद दी।

बुजुर्गों ने हाजियों के हाथों को चूमकर अपनी अकीदत का इजहार किया, वहीं युवाओं ने इस पल को यादगार बनाने के लिए उनके साथ खूब तस्वीरें और सेल्फी लीं। देश में अमन-चैन की दुआएं कींहज से लौटे हाजियों ने अपने इस पावन सफर के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि मक्का में काबा शरीफके दीदार और मदीना में पैगंबर साहब के दर पर हाजिरी देना उनके जीवन का सबसे खुशनुमा और रूहानी अनुभव रहा। हाजियों ने विशेष रूप से बताया कि उन्होंने वहां देश की तरक्की, कटंगी क्षेत्र की खुशहाली, आपसी भाईचारे और अमन-चैन के लिए विशेष दुआएं मांगी हैं।

उन्होंने अल्लाह का शुक्र अदा किया कि उनका यह कठिन और पवित्र सफर बेहद शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हुआ।बांटी गई तबर्रुक और खजूरस्वागत कार्यक्रम के बाद हाजियों को गाजे-बाजे के साथ उनके निवास स्थान तक ले जाया गया। वहां पहुंचने पर परिजनों ने आरती उतारकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया। हाजियों के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। घर आए सभी मेहमानों और शुभचिंतकों को पवित्र 'आब-ए-जमजम' (पवित्र जल) और मदीना से लाए गए खजूर तबर्रुक (प्रसाद) के रूप में बांटे गए।इस अवसर पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और सर्वसमाज के लोगों ने भी हाजियों के घर पहुंचकर उन्हें इस मुकद्दस सफर की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# योग से स्वस्थ जीवन का संकल्प, कटंगी में उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

### 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर हजारों लोगों ने किया योगाभ्यास, बुजुर्गों और बच्चों ने दिखाए अद्भुत योग कौशल..

जगप्रेरणा कटंगी।

***भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को कटंगी क्षेत्र में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह, उमंग और जनभागीदारी के साथ मनाया गया।***









इस वर्ष की थीम ÷स्वस्थ आयु के लिए योग÷ रही, जिसके अनुरूप लोगों ने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। ग्राम उमरी स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा आमजन ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं जिनमें पतंजलि योग समिति, संत निरंकारी मिशन, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, महिला योग समिति, किसान पंचायत एवं युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग प्रशिक्षक रामप्रसाद चौधरी एवं सहायक प्रशिक्षक निक्की चौरे ने उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया।

उन्होंने योग के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव में सहायक सिद्ध होता है। योग दिवस समारोह का विशेष आकर्षण विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन रहा। एक नन्हे बालक ने कठिन योगासनों का प्रदर्शन कर उपस्थितजनों को आश्चर्यचकित कर दिया, वहीं ग्राम चिकमारा निवासी 84 वर्षीय हरिराम देशमुख ने शीर्षासन एवं मयूरासन जैसे जटिल आसनों का सफल प्रदर्शन कर यह संदेश दिया कि योग उम्र का नहीं, बल्कि नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास का विषय है।

कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सामूहिक योगाभ्यास संपन्न कराया गया। इसके पश्चात शिक्षक सुनील डोंगरे एवं संत निरंकारी मिशन के पी.आर. पटले द्वारा प्रस्तुत भजनों ने वातावरण को आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर अभ्युदय सामाजिक विकास संस्था के प्रतिनिधि संदीप शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि योग ने भारत की पहचान को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाई प्रदान की है।

योगगुरु स्वामी रामदेव के अथक प्रयासों से योग घर-घर तक पहुंचा है और लाखों लोगों को स्वस्थ एवं निरोग जीवन की दिशा मिली है। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सम्पूर्ण विश्व में भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के गौरव का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने का आह्वान करते हुए कहा कि ÷योग करें, रोज करें और निरोग रहें÷ केवल एक नारा नहीं, बल्कि स्वस्थ और समृद्ध जीवन का सूत्र है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योगाभ्यास का संकल्प लेने तथा स्वस्थ, सशक्त और निरोग समाज के निर्माण के संदेश के साथ हुआ।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

# सार्वजनिक शीतला माता मंदिर उकवा में 5 दिवसीय वैदिक पूजा एवं अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन..

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***बालाघाट जिले के उकवा क्षेत्र में सार्वजनिक शीतला माता मंदिर उकवा में वैदिक पूजा एवं अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन पूरे भक्तिभाव एवं परंपरा के साथ किया जा रहा है***



जिसमें शीतला माता मंदिर का शुभ उद्घाटन एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। आचार्य पण्डित अरविंद कृष्ण शास्त्री रूपझर उकवा एवं श्री यश पण्डित दुर्गा प्रसाद व्यासजी बनारस उत्तर प्रदेश द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाएगा 5 दिवसीय वैदिक पूजा एवं अनुष्ठान कार्यक्रम में प्रथम दिवस नवमी शुक्लपक्ष मंगलवार 23/6/26 शक्ति पीठ का आह्वान समस्त देवी देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी द्वितीय दिवस दशमी तिथि बुधवार 24/6/26 को नगर भ्रमण एवं कलश यात्रा हनुमान मंदिर गुदमा कैंप उकवा से दोपहर 2:00 बजे प्रारंभ होगी तृतीय दिवस एकादशी तिथि शुक्ल पक्ष गुरुवार 25/6/26 को मूर्तियों का अधिवास किया जाएगा। चतुर्थ दिवस द्वादशी तिथि शुक्ल पक्ष शुक्रवार 26/6/26 को देवी देवताओं को जल स्नान एवं पूजा अर्चना की जाएगी पंचम दिवस त्रयोदशी तिथि शुक्ल पक्ष शनिवार 27/6/26 को प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति तत्पश्चात नगर भोज का आयोजन किया गया है शीतला माता मंदिर उकवा के समस्त समिति के सदस्यों ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रृद्धालु गण पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करे एवं माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

11 मंगलवार 23 जून 2026
जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# देवरी में अग्रवाल के अवैध रेत स्टोरेज पर 10 दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं

### तहसीलदार का गोलमोल जवाब..
### तलाठी रिपोर्ट पेंडिंग, नागरिक गुस्से में..
### जिला कलेक्टर को रिपोर्ट करने की चेतावनी..



जगप्रेरणा देवरी।

*देवरी शहर के चिचगड़ रोड के पास अवैध रूप से स्टोर कर बेची जा रही सैकड़ों बैरल रेती के स्टॉकपाइलिंग के खिलाफ10 दिन बाद भी देवरी में रेवेन्यू डिपार्टमेंट की तरफ से*

कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इससे देवरी तहसील प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान लग गया है और इस बात को लेकर नागरिकों में गहरा गुस्सा है।

### 12 जून को शिकायत और सबूत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं..

देवरी के रेत व्यापारी शंभू अग्रवाल ने बिना किसी परमिशन के चिचगड़ रोड पर खुली जगह में बड़ी मात्रा में रेत स्टॉकपाइलिंग कर रखी है। इस बारे में शिकायत करने वाले ने 12 जून 2026 को तहसील ऑफिस में फोटो और वीडियो सबूत एवं **GPS** लोकेशन के साथ लिखकर शिकायत की थी। लेकिन, 10 दिन बाद भी रेत का स्टॉक जब्त करने और सज़ा देने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### प्रणया भालेकर तहसीलदार के गोलमोल जवाब..

जब देवरी तहसीलदार प्रणया भालेकर से इस बारे में पूछा गया, तो तहसीलदार प्रणया भालेकर ने जवाब दिया, 'तलाठी रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद हम कार्रवाई करेंगे,'। हालांकि, असल में, तलाठियों को मौके पर पंचनामा करने के बाद एक हफ्ते पहले रिपोर्ट जमा करनी थी। तहसीलदार प्रणय भालेकर ने कहा, 'तलाठी अपने सीनियर्स से नहीं डरते,' और लोग अग्रवाल पर जानबूझकर उनका साथ देने का आरोप लगा रहे हैं क्योंकि वह मामले से बच रहे हैं।

### बड़े लोग सुरक्षित हैं, आम लोगों पर जुर्माना लगता है..

अगर कोई आम आदमी रेत की ट्रॉली लाता है, तो उस पर तुरंत जुर्माना लगता है। लेकिन, एक बड़े बिजनेसमैन का सैकड़ों बड़ी मात्रा में रेत स्टॉकपाइलिंग कर स्टॉक खुले में दिखने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। यह किसके आशीर्वाद से हो रहा है?÷ यह सवाल शहर के लोग पूछ रहे हैं। इस तरह की बात आजकल देवरी शहर में चर्चा का विषय बन गई है।

### तुरंत एक्शन की मांग, नहीं तो आंदोलन की चेतावनी..

देवरी में गैर-कानूनी रेत स्टोरेज को तुरंत सीज किया जाए और शंभू अग्रवाल के खिलाफ महाराष्ट्र लैंड रेवेन्यू एक्ट और एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन एक्ट के तहत केस दर्ज किया जाए। शिकायत करने वालों और शहर के लोगों ने यह भी मांग की है कि जिन अधिकारियों ने अपने काम में लापरवाही की, उनकी जांच की जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि अगर एक्शन नहीं लिया गया तो वे डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर और रेवेन्यू मिनिस्टर से शिकायत करेंगे।

### बोले तहसीलदार प्रणय भालेकर..

'तलाठी रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद हम एक्शन लेंगे।'

# प्रधानमंत्री मोदी सरकार के 12 साल पूरे: आमगांव-देवरी-सालेकसा विधानसभा इलाके में महाआरोग्य शिवीर..









जगप्रेरणा आमगांव।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर, आमगांव-देवरी-सालेकसा विधानसभा इलाके के विधायक संजय पुराम की*

नेतृत्व में ज़िला परिषद सदस्य सविता संजय पुराम की मौजूदगी में बड़े पैमाने पर जन कल्याण स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इस पहल का मुख्य मकसद गांव और दूर-दराज के इलाकों के गरीब लोगों को उनके घर पर अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देना है।

### स्वास्थ्य शिविर का सफल सफर..

यह स्वास्थ्य महोत्सव 20 जून को शिलापुर में हुए महाआरोग्य एवं नेत्र जांच शिविर से शुरू हुआ था। इसी सफल सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, आज 22 जून, 2026 को कारूटोला (ता. सालेकसा) के जिला परिषद के प्राथमिक स्कूल में महाआरोग्य स्वास्थ्य नेत्र जांच शिविर का बड़े जोश के साथ समापन हुआ। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें ज़रूरी दवाएं मुफ्त में बांटी गईं।

### 24 जून को कवड़ी में स्वास्थ्य शिविर का लोगों से फायदा उठाने की अपील..

स्वास्थ्य सेवाओं में लोगों की दिलचस्पी का यह सफर अब जारी रहेगा, और ऐसा ही एक बड़ा स्वास्थ्य शिविर '24 जून, 2026' को आमगांव तालुका के 'कवड़ी' में लगाया जाएगा। आयोजकों ने इलाके के लोगों से अपील की है कि वे इस शिविर का फायदा उठाने और अपनी स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए बड़ी संख्या में आएं।

### शिविर की खास बातें..

इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए, भारतीय जनता पार्टी तालुका सचिव गीता गोंडाने ने कहा कि आंखों के जांच के लिए आने वाले मरीजों को फ्री चश्मे दिए जा रहे हैं विधायक संजय पुराम और सविता संजय पुराम ने खास गाड़ी की सुविधा दी है। इस पहल से ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा को काफी बढ़ावा मिला है, और गोंडाने ने मोदी सरकार और आयोजको को सभी नागरिकों के घर तक स्वास्थ्य सेवा की यह सुविधा पहुंचाने के लिए धन्यवाद दिया।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# गोरेगांव में योग उत्सव- अंतर्राष्ट्रीय योग दिन हुआ संपन्न..



जगप्रेरणा गोरेगांव।

*दि 21 जून 2026 रविवार को स्थानीय सुगत आश्रमशाला घोटी-गोरेगांव में आंतरराष्ट्रीय योग दिन के उपलक्ष में योग उत्सव का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं संचालन डॉं हितेशकुमार पारधी इन्होने किया।*

योगगुरु श्री योगेंद्र बिसेन इन्होने योग आसनों के विषय में मागदर्शन किया. डॉ योगेश हरिणखेडे इन्होंने योगा के प्रात्यक्षिक कर दिखाएं। यह कार्यक्रम नॅशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल असोसिएशन जिला गोंदिया, गोरेगांव डॉक्टर्स संघटना, लॅब संघटना गोरेगांव, केमिस्ट संघटना गोरेगांव, आरोग्य भारती गोरेगांव, पंतजली संगठन गोरेगांव, से नि शिक्षक एवं कर्मचारी संघटना गोरेगाव, निमा वुमन्स फोरम जिल्हा गोंदिया, मैत्री महिला संगठना गोरेगांव एवं कराटे/ तायक्कांडो असोसियशन गोरेगांव इनके सह आयोजन में नगर योग समिती के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन श्री दुर्वास कापगते सर इन्होंने किये. कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में डॉ लक्ष्मण जी भगत बांधकाम सभापति जिप गोंदिया, प्रमुख उपस्थिती में श्रीमती सुषमा अगडे सदस्य नगरपंचायत गोरेगांव, श्रीमती गजभिये मॅडम मुख्याध्यापिका सुगत आश्रमशाला, डॉ देव चांदेवार, डॉ विवेक देशमुख, डॉ विजय पालेवार, डॉ सौ स्वाती पारधी, डॉ सुषमा बघेले, डॉ संगीता देशमुख,श्री चंद्रशेखर बघेले, श्री चंद्रकुमार पटले एवं आरोग्य भारती के तालुका अध्यक्ष डॉ नारायण पटले उपस्थीत थें।

कार्यक्रम की सफलता के लिए श्री योगेशजी चौधरी, श्री दुर्वास कापगते, श्री सुनिल पटले, श्री महेश बोपचे, डॉ नरेश श्रीपात्रे एवं श्री सतिश येळे इन्होंने विशेष प्रयास किये।

# अदानी फाउंडेशन तिरोडा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया..



जगप्रेरणा तिरोडा।

*अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अदानी फाउंडेशन, तिरोडा द्वारा विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अदानी विद्या मंदिर (एवीटी) के विद्यार्थियों, टाउनशिप के नागरिकों तथा कर्मचारियों ने उत्साह*

पूर्वक भाग लिया।इस वर्ष योग दिवस के उपलक्ष्य में 'हार्मनी, हेल्थ एंड हैप्पीनेस' का संदेश दिया गया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, मानसिक शांति प्राप्त होती है तथा एकाग्रता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के दौरान योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि योग केवल एक व्यायाम पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का आधार है। प्रतिभागियों ने योगाभ्यास का अनुभव लेते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लिया।

अदानी फाउंडेशन द्वारा समुदाय में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतर विभिन्न जनहितकारी गतिविधियाँ संचालित की जाती हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# हेल्दी समाज बनाने के लिए योग प्रैक्टिस ज़रूरी-डॉ. मूर्ति




जगप्रेरणा सालेकसा।

*प्रताप मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट गोंदिया द्वारा चलाए जा रहे शंकरलाल अग्रवाल साइंस कॉलेज, सालेकसा में 21 जून, 2026 को इंटरनेशनल योग डे के मौके पर योग और मेडिटेशन*

प्रोग्राम ऑर्गनाइज़ किया गया। प्रोग्राम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एस. नारायण मूर्ति ने की और चीफ गेस्ट डॉ. खुशबू सोनी थीं। डॉ. सोनी ने सभी एम्प्लॉइज को अलग-अलग तरह के आसन और मेडिटेशन करवाए और उसके बारे में डिटेल और जानकारी दी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हम रोज़ घर पर योग करके कैसे हेल्दी रह सकते हैं। यह प्रोग्राम बॉटनी डिपार्टमेंट की हेड डॉ. अपर्णा खुरसेल और रासयो टीम की तरफसे डॉ. संजय बिरनवार ने सरकारी आदेश के मुताबिक ऑर्गनाइज़ किया था। इस मौके पर सभी स्टूडेंट्स, फैकल्टी और नॉन-टीचिंग स्टाफ मौजूद थे।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

# ए. पी. जे. फ़्यूचरा स्कूल में इंटरनेशनल योगा डे के मौके पर स्टूडेंट्स का ज़बरदस्त रिस्पॉन्स



जगप्रेरणा सालेकसा।

*आई फ़ाउंडेशन सालेकसा और ए. पी. जे. किड्स आमगांवखुर्द सालेकसा द्वारा चलाए जा रहे ए. पी. जे. फ़्यूचरा स्कूल ने मिलकर इंटरनेशनल योगा डे जोश के साथ मनाया। स्कूल के फ़ाउंडर माननीय शैलेश बहेकार ने योगा डे के महत्व के बारे में जानकारी दी।*

उसके बाद स्टूडेंट्स और टीचर्स ने योगासन, प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, एक्सरसाइज़ और अलग-अलग आसन किए। प्रिंसिपल पराग फुंडे के हाथों सभी स्टूडेंट्स को योगा डे पर किताबें बांटी गईं। प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए स्कूल सुपरवाइज़र संतोष ठाकरे और टीचर्स नीता बोपचे, भूमेश्वरी टेंभरे, शांति यादव, वंदना रहांगडाले, देवेश्री गभाने, सुरभि टेंभरे और नॉन-टीचिंग स्टाफ़ने सहयोग किया। प्रोग्राम का समापन फ्लों के साथ किया गया।

### गोंदिया में 24 जून को आयोजित होगा पेंशन समाधान कार्यक्रम..

जगप्रेरणा गोंदिया।

जिला कोषागार कार्यालय, गोंदिया की ओर से बुधवार, 24 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला नियोजन एवं विकास समिति सभागार (डीपीडीसी हॉल), जिला कलेक्टर कार्यालय, गोंदिया में कार्यशाला एवं पेंशन समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) के लिए ई-जीपीएफ प्रणाली तथा ई-रिवीजन पेंशन केस (संशोधित प्राधिकरण पत्र) विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। वहीं पेंशन अदालत के माध्यम से सेवानिवृत्त पेंशनधारकों के लिए 'पेंशनर समाधान' कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें उनकी विभिन्न समस्याओं का निराकरण जिला कोषागार कार्यालय के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

जिला कोषागार अधिकारी मोहम्मद तौसिफ हसीन तथा अपर कोषागार अधिकारी (पेंशन), गोंदिया ने जिले के सभी पेंशनधारकों से अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ बुधवार, 24 जून को गोंदिया में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### रोड पर फोरविलर किसने रखा पुछने पर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/6/2026 के 10 बजे के दरम्यान छोटा विठ्ठल मंदिर गोंदिया मे फर्यादी के घर के सामने फोरविलर खडी की फर्यादी ने पुछा किसकी गाडी है, इस बात पर आरोपी ने आकर मारपीट की और रोड पर धकेला निचे गिरने से से हाथ फ्रैक्चर हुवा दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 454/2026 धारा 117,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा राऊत 1798 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### घर के सामने आकर रॉड मारकर किया जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/ 6/ 2026 के रात 10 बजे के दरम्यान फर्यादी अखिलेश मुकुंद वैदय उम्र 26 वर्ष निवासी कुडवा को पुराने विवाद पर गालीगलोच की फर्यादी ने कुछ ना बोलते हुवे अपने घर आया और खाना खाने के बाद घर के सामने खडा था। वहा आरोपी क्रमांक 1 ने आकर रॉड से सरपर मारकर जख्मी किया और धमकी देकर चला गया। उसके बाद वहा आरोपी क्रमांक 2 ने आकर गाली गलोच कर मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर दोनो आरोपियो के खिलाफपोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 398/2026 धारा 118, 2, 351, 2, 352, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा सुमेद चंद्रिकापुरे 111 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### आईस गोला खरीदने रुके युवक के कार से गहने चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/6/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान गुरू द्वारा के सामने रेलटोली मे फर्यादी शिवम जसबिर अरोरा उम्र 28 वर्ष निवासी रामनगर गोंदिया ने अपने जिजा के साथ बँक ऑफइंडिया ब्रांच से बहन के गहने लाकर से निकालकर कार मे पीछे सिट पर रखे और रेलटोली मे आईस गोला पार्सल लेने के लिये दुकान के पास खडे थे। उतनी देर मे उन्हे कॉल आया और वो बात करते समय अज्ञात चोर ने कार के पिछे सिट पर रखे गहने चुरा लिये, सोने चांदी के गहने कुल 1,62,610 रुपये का माल चोरी होने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 399/2026 धारा 305, क, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी संजय नागरगोजे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### नदी के पानी मे डुबने से हुई युवक की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/6/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान फर्यादी अक्षय पतीराम मेश्राम उम्र 28 वर्ष निवासी पुराडा का साला दिनेश मोहनकर गाव मे घुमकर आता हु बोला और गया। शाम तक वापस नही आया तो उसे आजु बाजु गाव मे ढूंढने गये लेकीन नही मिला। दुसरे दिन सुबह पुराडा लोहारा नदी मे उसकी लाश मिलने से फर्यादी के बयान पर पोस्टे सालेकसा मे अकस्मात मौत क्रमांक 23/2026 धारा 194, भा नासूस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा सुनिल वानखेडे 1184, पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) · इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) · (IUI) आय.यू.आय. · अधिक उम्र में मातृत्व · ओव्हम डोनेशन द्वारा · बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार · शुक्राणु बैंक सुविधा · सोनोग्राफी · हार्मोस की जांच · हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज · दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

12 मंगलवार 23 जून 2026
जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● तुमसर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# भंडारा-गोंदिया विधान परिषद चुनाव में महायुति के अविनाश ब्राह्मणकर ने दर्ज की एकतरफा जीत..

## 457 में से 456 वैध मतों की गणना में 302 वोट लेकर 148 मतों से कांग्रेस उम्मीदवार को हराया..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र विधान परिषद के भंडारा-गोंदिया स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना आज सुबह 8 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय स्थित वैनगंगा सभागार में प्रारंभ हुई। निर्वाचन पर्यवेक्षक नितीन पाटील तथा जिला निर्वाचन निर्णय अधिकारी एवं कलेक्टर सावन कुमार की उपस्थिति में पूरी मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हुई। मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अविनाश ब्राह्मणकर विजयी घोषित किए गए।***

मतगणना के दौरान अपर कलेक्टर राजेंद्र कुमार जाधव, निवासी उप कलेक्टर एवं सहायक निर्वाचन निर्णय अधिकारी मनोहर चव्हाण, उप कलेक्टर (निर्वाचन) विकास व्यवहारे, उप कलेक्टर जे.पी. लोंढे, नायब तहसीलदार (निर्वाचन) रोशनी दिघोरे सहित निर्वाचन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मतगणना के अंतिम परिणाम के अनुसार भाजपा उम्मीदवार अविनाश ब्राह्मणकर को 302 मत प्राप्त हुए और उन्होंने शानदार जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित नरेश ईश्वरकर को 154 मत मिले, जबकि उम्मीदवार सचिन कुंभलकर को एक भी मत प्राप्त नहीं हुआ। कुल 457 मतों में से एक मत अवैध घोषित किया गया, जबकि 456 मत वैध पाए गए। मतगणना पूर्ण होने के बाद निर्वाचन निर्णय अधिकारी द्वारा विजयी उम्मीदवार अविनाश ब्राह्मणकर को विजय प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक नितीन पाटील एवं जिला कलेक्टर तथा निर्वाचन निर्णय अधिकारी सावन कुमार उपस्थित थे।

गौरतलब है कि भंडारा-गोंदिया स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों से कुल 457 मतपत्रिकाएं प्राप्त हुई थीं। इनमें भंडारा केंद्र से 166, साकोली केंद्र से 61, गोंदिया केंद्र से 154 तथा सडक-अर्जुनी केंद्र से 76 मतपत्रिकाएं शामिल थीं। एक मत अवैध पाए जाने के कारण 456 वैध मतों की गणना की गई। प्रशासन के अनुसार संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।

### सांसद प्रफुल पटेल एवं विधायक परिणय फुके के नेतृत्व में लहराया परचम..

गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद के चुनाव में महायुति के उम्मीदवार के रुप में चयन से लेकर उम्मीदवार की विजय तक प्रमुख रुप से सांसद प्रफुल पटेल एवं विधायक डॉ. परिणय फुके ने संयुक्त रुप से भूमिका निभाई। विधान परिषद चुनाव में भाजपा को शिकस्त देने के लिये कांग्रेस नेता नाना पटोले एवं पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की संयुक्त फिल्डिंग के कारण चुनाव में भारी घमासान होने की स्थितियां बनाई जा रही थी। इस चुनाव में अंदरुनी राजनीतिक चक्रव्यूह स्थापित कर भी भाजपा को शिकस्त देने की कोशिशें नाना पटोले की ओर से जारी थी, तथा पटोले ने यह भी प्रयास किया था कि भाजपा उम्मीदवार वह बने, जिसने नाना को विधानसभा चुनाव जीताने में मदद की थी, लेकिन सांसद प्रफुल पटेल की रणनीति के आगे नाना पटोले का ऐसा प्रयास विफल हो गया, बल्कि सांसद प्रफुल पटेल ने अविनाश ब्राह्मणकर के नाम पर सहमति दी, जो भविष्य के लिये नाना पटोले के विरुद्ध एक सशक्त उम्मीदवार हो सकते हैं, इस दृष्टिकोण से अविनाश ब्राह्मणकर को अवसर दिया गया, तथा इसके बाद अविनाश ब्राह्मणकर की जीत के लिये राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का मोर्चा सांसद राजेन्द्र जैन ने संभाला, तो भाजपा की ओर से विधायक परिणय फुके ने, और इस तरह से महायुति के दिग्गजों की रणनीति के आगे नाना पटोले उम्मीदवार को मैदान में लाने से लेकर मतदान तक भारी शिकस्त खा ही गए। नाना पटोले के लिये सबसे बड़ी हार यह भी हुई कि अपने उम्मीदवार के लिये भाजपा कांग्रेस के कुछ वोटर्स को भी सैट करने में सफल रही, और इसके चलते भाजपा उम्मीदवार अविनाश ब्राह्मणकर को आखिरकार बड़ी ताकत के साथ विधान परिषद में पहुंचकर गोंदिया भंडारा जिले के विकास के लिये कार्य करने का अवसर प्राप्त हो ही गया।

**भंडारा में निकली रैली..**

गौरतलब है कि भाजपा उम्मीदवार अविनाश ब्राह्मणकर की जीत के बाद भंडारा में विधायक डॉ. परिणय फुके के नेतृत्व में तथा उन्हें जीत का सेहरा बांधते हुए भव्य रैली निकाली गई, एवं भाजपा, राष्ट्रवादी व शिवसेना शिंदे कार्यकर्ताओं द्वारा खुशी जाहिर की गई।

### मुंबई में आयोजित बैठक में विधायक विनोद अग्रवाल की उपस्थिति में

# कृषि मंत्री भरणे ने गोंदिया जिले के कृषि विकास से जुड़े सभी प्रस्तावों पर दिये तत्काल कार्रवाई के निर्देश..





जगप्रेरणा मुंबई/गोंदिया।

***राज्य के कृषि मंत्री दत्तात्रय भरणे ने गोंदिया जिले में नए शासकीय कृषि महाविद्यालय की स्थापना, किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक एवं आधुनिक कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित जिले के कृषि विकास से संबंधित सभी प्रस्तावों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।***

मंत्रालय में गोंदिया जिले में नए शासकीय कृषि महाविद्यालय को मंजूरी देने के संबंध में आयोजित बैठक में वे बोल रहे थे। बैठक में गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल, कृषि विभाग के सचिव परिमल सिंह तथा कृषि आयुक्त सूरज मांढरे उपस्थित थे।

कृषि मंत्री भरणे ने कहा कि कृषि विभाग की भूमि उपयोग नीति निर्धारित की जाएगी। गोंदिया में नए शासकीय कृषि महाविद्यालय की स्थापना के लिए डॉ. पंजाबराव देशमुख कृषि विश्वविद्यालय स्तर पर प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही करंजा स्थित तालुका बीज गुणन केंद्र परिसर में विभिन्न फसलों के प्रदर्शन प्लॉट विकसित कर भविष्य में कृषि उद्यान स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि करंजा स्थित कृषि विभाग की भूमि पर विभिन्न कार्यालयों, प्रयोगशालाओं तथा किसान प्रशिक्षण केंद्र के लिए आवश्यक भवन निर्माण का प्रस्ताव सार्वजनिक निर्माण विभाग को भेजा गया है। भूमि मापन की प्रक्रिया भी जारी है। वहीं नागपुर जिले के कृषि विभाग के तीन प्रमुख प्रक्षेत्रों के चारों ओर सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रस्ताव विभागीय कृषि सह-संचालक को भेजा गया है। मंत्री भरणे ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत अब तक 2,747 लाभार्थियों को 26.57 करोड़ रुपये की अनुदान राशि वितरित की जा चुकी है। शेष लाभार्थियों के लिए लगभग 13.69 करोड़ रुपये के अनुदान का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारियों के लिए आवश्यक वाहनों की उपलब्धता, सिम कार्ड, मोबाइल, टैबलेट एवं लैपटॉप वितरण से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि लैपटॉप वितरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। कारंजा में स्वीकृत मृदा परीक्षण प्रयोगशाला संचालित होने के बावजूद आवश्यक मानव संसाधन की कमी के कारण कुछ कठिनाइयां आ रही हैं। कृषि विभाग के नए ढांचे के अनुसार कर्मचारियों की मंजूरी के लिए शासन स्तर पर कार्रवाई की जाएगी।

खाद बिक्री में अनियमितताओं को रोकने के लिए 20 मई 2026 के परिपत्र में जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक 60 कृषि केंद्रों की जांच की जा चुकी है, जिसमें 5 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द तथा 22 लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। एक कृषि केंद्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है और यूरिया खाद की अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों के खिलाफसख्त कार्रवाई जारी है। राज्य में यूरिया खाद बिक्री में अनियमितताओं के मद्देनजर 22 जून 2026 तक कुल 12,224 उर्वरक विक्रेताओं की जांच की गई है। इनमें से 1,192 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। 55 विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द तथा 833 विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। इसके अलावा 21 मामलों में पुलिस में अपराध दर्ज किए गए हैं, ऐसी जानकारी कृषि मंत्री दत्तात्रय भरणे ने दी।

## नाम बदल सूचना

*शपथ पत्र के आधार पर, मैंने अपना नाम निर्मल गणपतराव भावते (पुराना नाम) से बदलकर निर्मल गणपतराव भावे (नया नाम) कर लिया है और अब से मुझे सभी उद्देश्यों के लिए निर्मल गणपतराव भावे के नाम से जाना जाएगा। मेरे पुरे परिवार ने भी परिवार के सभी सदस्यों का उपनाम 'भावे' लिखा है।*

*निर्मल गणपतराव भावे, बाजपाई वार्ड गौतम नगर, गोंदिया, तहसील एवं जिला गोंदिया। (महाराष्ट्र) - 441601*

## Change in Name

I, Nirmal Ganpatrao Bhave hereby informs to all those concerned that my old name was Nirmal Ganpatrao Bhawate (Old Name) , which I had changed to Nirmal Ganpatrao Bhave (New Name) , both the names are of one and single person and henceforth I should be known with my new name as Nirmal Ganpatrao Bhave for all purpose.Nirmal Ganpatrao Bhave- Bajpai Ward , Gautam Naga , GondiaTehsil and District – Gondia (Maharashtra)
Pin – 441 601

## जगप्रेरणा - निधन वार्ता..

### वरिष्ठ सराफा व्यवसायी रमेशचंद्र सोनी का दुखद निधन.. पंचतत्वों में हुए विलिन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया शहर के दुर्गा चौक निवासी सोनी मगनीराम ज्वेलर्स के वरिष्ठ संचालक रहे तथा राजकुमार, अभिजीत (गुड्डु) सोनी के पिताश्री रमेश जी सोनी का 80 वर्ष की उम्र में 21 जून की रात्रि 11.00 बजे दुखद निधन हो गया। वे अपनी पीछे दो पुत्र, तीन पुत्रियों, एक भाई व नाते नातियों, भतीजे भतीजीयों संहित भरा परिवार परिवार छोड़ गए। उनके पार्थिव देह की अंतिम यात्रा 22 जून दिन सोमवार को सुबह 11.30 बजे निज निवास से निकाली गई, तथा स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में अंतिम यात्रा निकाली गई।

# बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार - जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले

## बाढ़ प्रभावित संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश..








जगप्रेरणा गोंदिया।

जिले के 96 गांवों को बाढ़ का संभावित खतरा है। मानसून का मौसम शुरू हो चुका है। इसी के मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने रविवार को जिले के बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां के नागरिकों से संवाद किया तथा कहा कि जिला प्रशासन किसी भी बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे, सहायक अभियंता (बाघ-इटियाडोह) प्रियम शुभम, कनिष्ठ अभियंता रामेश्वर कुंडलवाडे, संबंधित मंडल अधिकारी, तलाठी तथा जिला स्तरीय खोज एवं बचाव दल के सदस्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने गोंदिया तहसील के कोरणी घाट, रजेगांव, बिरसोला, कासा, काटी और पुजारिटोला गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों से चर्चा की। साथ ही मानसून पूर्व तैयारियों के तहत इस वर्ष किए गए बाढ़ प्रबंधन और क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बावजूद प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। जिलाधिकारी ने बाढ़ संभावित गांवों का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर वहां की भौगोलिक स्थिति, बाढ़ आने के कारणों तथा आपदा के दौरान खोज एवं बचाव कार्यों के लिए प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी अधिकारियों और कर्मचारियों से प्राप्त की। वैनगंगा और बाघ नदी के किनारे बसे गांवों तथा निचले क्षेत्रों में स्थित घरों को बाढ़ के पानी से होने वाले नुकसान, आपातकालीन सहायता, नावों एवं आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता आदि विषयों पर भी उन्होंने विस्तृत जानकारी ली।

इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।

### नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील

जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदावले ने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में जिला प्रशासन नागरिकों की सहायता के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रशासन और नागरिकों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए बाढ़ जैसी परिस्थितियों का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिले में कहीं भी बाढ़ की स्थिति नहीं है, फिर भी नागरिकों को बांधों और जलाशयों में उतरने से बचना चाहिए। साथ ही सेल्फी लेने के मोह से दूर रहें, नाव में यात्रा करते समय लाइफ जैकेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा नाव की निर्धारित क्षमता से अधिक लोगों को उसमें न बैठाया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि जब किसी पुल के ऊपर से पानी बह रहा हो, तब उसे पार करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में विशेष सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है।

### पानी का करें संयमित उपयोग

इस वर्ष कम वर्षा की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने किसानों और नागरिकों से जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कृषि कार्य करने, वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) अपनाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आग्रह किया गया है। जिला प्रशासन ने कहा है कि जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के इन उपायों से भविष्य में संभावित जल संकट तथा बढ़ते तापमान की समस्या का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकेगा।

## जाहिर सुचना

श्री रामअवतार हरद्वारीमल अग्रवाल इनके नाम से नगर परिषद रिकार्ड में नाम दर्ज है। जिसका वार्ड क्रमांक 18 वार्ड का नाम वर्धमान महावीर वार्ड, मालमत्ता क्रमांक 11/10 है। उक्त मालमत्ता धारक का निधन दिनांक :- 1/1/2026 को हो चुका है। इनके निधन उपरांत इनके वारस 1) मनोरमा रामअवतार अग्रवाल 2) संदीप रामअवतार अग्रवाल 3) श्वेता रामअवतार अग्रवाल 4) स्वाती रामअवतार अग्रवाल 5) सौरभ रामअवतार अग्रवाल ने वारसान आधार पर हस्तांतरण हेतु आवेदन सादर किया है। हस्तांतरण पर आक्षेप हो तो यह सुचना प्रकाशित होने के पश्चात 15 दिन के भितर अपना आक्षेप इस कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज सहित सादर करेंगे। आक्षेप प्राप्त न होने पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

मुख्य अधिकारी
नगर परिषद गोंदिया

SONO VIEW
SONOGRAPHY · X-RAY · CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
Color Doppler · Power Doppler Imaging · B-flow Imaging · Tissue Harmonic Imaging · Transrectric & TV Sonography · Pediatric Sonography · Orbital Sonography · Breast, Thyroid, Scrotal Sonography · Neonatologist Neurosonogram · 2 D Echo Cardiography · Foetal Echo · Whole Body Ct Scan · Digital X-ray Digital Radiography System · M.R.I.
DIGITAL X-RAY
2D, 3D/4D High Resolution Sonography · 2D Echo · Colour Doppler · Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियॉं ◆ ताड़पत्री मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस
ग्रीन नेट · कारपेट्स · ताड़पत्री · डोरमेट्स · ब्लैंकेट्स · बेड शीट्स
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200 होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट ★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com